संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-335 रविवार,06 अक्टूबर 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# छिटपुट हिंसा के बीच हरियाणा में 61 फीसदी मतदान

» भाजपा और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला...

» सुबह 7 से शाम 6 बजे चला तक वोटिंग...

» 8 अक्टूबर को आएगा नतीजा...

**चंडीगढ़,05 अक्टूबर 2024(ए)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में अब मतदाता की बारी है। 5 अक्टूबर, शनिवार सुबह 7 बजे से सभी 90 सीटों पर एक साथ मतदान जारी है, जो शाम 6 बजे तक चलेगा। शाम 5 बजे तक 61 फीसदी मतदान हुआ है। कहीं-कहीं भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प देखने को मिली है।

पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल से मौजूदा सांसद मनोहर लाल ने सबसे पहले वोट किया और लोगों से भारी मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी मतदान किया। इसी तरह ओलंपिक खिलाड़ी मनु भाकर ने कैथल वोट डाला। मतदान के बीच नेता बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं। अनिल विज ने कहा कि हरियाणा की जनता चाहती है कि मैं मुख्यमंत्री बनूं। मैं हरियाणा की कायाकल्प कर दूंगा। नीचे देखिए मतदान के जम्मू-कश्मीर के साथ ही हरियाणा के लिए वोटों की गिनती 8 अक्टूबर, मंगलवार को होगी। हरियाणा में हर की तरह भाजपा और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला है, लेकिन आम आदमी पार्टी ने भी कुल 90 में से 88 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं।

### भाजपा हैट्रिक लगाने जा रही: सैनी

हरियाणा के मुख्यमंत्री और लाडवा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा, हवा भाजपा के पक्ष में है। हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बन रही है और लाडवा में बड़े अंतर से कमल खिलेगा। कांग्रेस को सपने देखने से कोई नहीं रोक सकता, उन्होंने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश में भी सपने देखे थे।

### कांग्रेस आ रही है, भाजपा जा रही है: हुड्डा

रोहतक में वोट डालने के बाद हरियाणा के पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कहा, कांग्रेस आ रही है, भाजपा जा रही है। भाजपा ने खाली दावे किए, लेकिन हरियाणा की जनता को यह नहीं बता पाई कि पिछले 10 साल में क्या काम किए।



### प्रमुख उम्मीदवार जिनकी प्रतिष्ठा दांव पर

भाजपा नेता और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी (लाडवा सीट), विपक्ष के नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा (गढ़ी सांपला-किलोई सीट), कांग्रेस की विनेश फोगाट (जुलाना), इनेलो के अभय सिंह चौटाला (ऐलनाबाद सीट), जेजेपी के दुष्यंत चौटाला (उचाना कलां) सीट), भाजपा के अनिल विज (अंबाला कैंट सीट) और ओपी धनखड़ (बादली सीट)आप के अनुराग ढांडा (कलायत)। निर्दलीय उम्मीदवारों में भारत की सबसे अमीर महिला ओपी जिंदल ग्रुप की मानद चेयरमैन सावित्री जिंदल (हिसार सीट) के अलावा रंजीत चौटाला (रानिया सीट) और चित्रा सरवारा (अंबाला कैंट सीट) शामिल हैं।

### कुमारी सैलजा बोलीं- सभी 90 सीटें जीतेगी कांग्रेस

हिसार में मतदान के बाद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में एकतरफा मुकाबला हो रहा है। उन्होंने कहा, ÷हमारी पार्टी के आलाकमान ही मुख्यमंत्री का फैसला करेंगे, लेकिन यह चुनाव हरियाणा की किस्मत बदलने वाला होगा। बीजेपी कमजोर हो चुकी है और हमें 90 सीटें जीतने का पूरा भरोसा है। सैलजा के इस बयान ने चुनावी हलचल को और तेज कर दिया है।


### कितनी पार्टी चुनाव मैदान में

भाजपा और कांग्रेस ने 89-89 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। कांग्रेस ने एक सीट सीपीआई (एम) के लिए छोड़ी है। वहीं हिसार सीट से भाजपा प्रत्याशी ने नाम वापस ले लिया था और गोपाल कांडा को समर्थन दिया है।वहीं, जेजेपी और आजाद समाज पार्टी के बीच भी है। जेजेपी 66 सीट पर, तो आजाद समाज पार्टी 12 सीट पर चुनाव लड़ रही है। बसपा और इनेलो भी मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। 51 सीट पर इनेलो, तो 35 सीट पर मायावती की पार्टी ने प्रत्याशी उतारे हैं।

### तीसरी बार बनेगी बीजेपी की सरकार: सीएम सैनी

हरियाणा के सीएम और लाडवा विधानसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार नायब सिंह सैनी ने वोट डालने से मीडिया से बातचीत में कहा कि हम भारी अंतर से जीत रहे हैं और तीसरी बार अपनी सरकार बना रहे हैं. कांग्रेस झूठ की राजनीति करती है, उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान झूठ बोला था कि संविधान और आरक्षण खत्म हो जाएगा. आरक्षण खत्म करने में सबसे बड़ी भूमिका राहुल गांधी की है. जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और राहुल गांधी तक सभी ने देश में आरक्षण खत्म करने की बात कही है।

## देश की संक्षिप्त खबरें



### शिमला में मस्जिद की तीन मंजिलें अवैध घोषित

#### कोर्ट ने दो महीने में दिया ढहाने का आदेश

**शिमला,05 अक्टूबर 2024(ए)।** शिमला की संजौली मस्जिद को लेकर हुई सुनवाई में कोर्ट ने मस्जिद की तीन मंजिलों को अवैध घोषित कर दिया है। कोर्ट ने दो महीने के अंदर इसे ढहाने के आदेश दिए है।नगर निगम आयुक्त ने शिमला की संजौली मस्जिद के उस हिस्से को हटाने की अनुमति दे दी है, जिसे खुद ही मस्जिद कमेटी ने आगे आकर हटाने की पेशकश की थी। इसके लिए दो महीने का समय दिया गया है। नगर निगम के आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने कहा कि मस्जिद के तीन फ्लोर को हटाने का काम वक्फ बोर्ड की देखरेख में होगा। आयुक्त ने कहा कि मस्जिद की दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल को हटाए जाने की अनुमति दी जाती है। मस्जिद के शेष हिस्से की सुनवाई 21 दिसंबर, 2024 को होगी।

### कुपवाड़ा में पाकिस्तानी घुसपैठ की बड़ी कोशिश नाकाम



#### 2 आतंकवादी ढेर, भारी असलहा बरामद

**श्रीनगर,05 अक्टूबर 2024(ए)।** सेना ने उत्तरी कश्मीर के सीमावर्ती जिले कुपवाड़ा के गुगलधार इलाके से घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराने का दावा किया है। एक्स पर लिखते हुए, सेना की चिनार कोर ने लिखा, चल रहे आपरेशन गुगलधार में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। युद्ध में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद किया गया है। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चल रहा है. सेना और सुरक्षाबलों का आपरेशन जारी है ।

# डॉक्टर्स ने सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया

» आमरण अनशन की चेतावनी

**कोलकाता,05 अक्टूबर 2024 (ए)।** पश्चिम बंगाल में जूनियर डॉक्टर्स ने अपनी 'पूरी तरह से काम रोकों' हड़ताल वापस ले ली है, लेकिन इसके बावजूद उनका विरोध प्रदर्शन जारी है। शुक्रवार को कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में डॉक्टर्स ने रैली निकाली, जिस पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इस घटना ने डॉक्टर्स के बीच नाराजगी पैदा कर दी है। बारिश के बावजूद एल्पालांडे इलाके में डॉक्टर्स का विरोध प्रदर्शन जारी है, जहां कुछ डॉक्टर्स छाता लेकर तो कुछ पॉलीथीन के नीचे छिपकर विरोध जता रहे हैं।



### आमरण अनशन की चेतावनी

डॉक्टर्स ने सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे आमरण अनशन शुरू कर देंगे। शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे डॉक्टर्स ने हड़ताल वापस लेने का फैसला किया, लेकिन विरोध जारी रखते हुए कहा कि यह उनके आत्म-सम्मान की लड़ाई है। प्रदर्शन स्थल पर बड़ी घड़ी लगाकर डॉक्टर्स समय की पाबंदी पर नजर रख रहे हैं। उनका कहना है, जब आप किसी कारण के लिए लड़ते हैं, तो मुश्किलें आना तय है। लेकिन हम उम्मीद करते थे कि सरकार का व्यवहार हमारे प्रति सम्मानजनक होगा। पुलिस द्वारा किया गया लाठीचार्ज और अपशब्द कहना अस्वीकार्य है।

### वक्त तेजी से बीत रहा है: डॉक्टर्स की चेतावनी

आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अन्य अस्पतालों के डॉक्टर्स ने भी इस विरोध में भाग लिया। एक जूनियर डॉक्टर ने कहा, ÷अब समय आ गया है कि राज्य सरकार जवाब दे और इस मुद्दे को हल करने की इच्छाशक्ति दिखाए। वक्त तेजी से बीत रहा है। उनका कहना है कि मृतक महिला चिकित्सक के लिए न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### डॉक्टर्स की प्रमुख मांगे

डॉक्टर्स ने राज्य सरकार के सामने कई मांगें रखी हैं, जिनमें प्रमुख रूप से स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम को पद से हटाने, स्वास्थ्य विभाग में कथित प्रशासनिक अक्षमता और भ्रष्टाचार की जवाबदेही तय करने की मांग शामिल है। इसके अलावा, सभी अस्पतालों में केंद्रीकृत रेफरल प्रणाली, बेड रिक्ति की निगरानी प्रणाली, और सुरक्षा के लिए कार्यस्थलों पर सीसीटीवी, ऑन कॉल रूम और वॉशरूम के जरूरी प्रावधान सुनिश्चित करने के लिए टास्क फोर्स गठित करने की मांग की गई है।डॉक्टर्स अस्पतालों में पुलिस सुरक्षा बढ़ाने, स्थायी महिला पुलिसकर्मियों की नियुक्ति और खाली पदों को भरने की भी मांग कर रहे हैं। साथ ही, मेडिकल कॉलेजों में छात्र परिषद चुनाव कराने, रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) को मान्यता देने और अस्पताल प्रबंधन समितियों में छात्रों और जूनियर डॉक्टर्स के निर्वाचित प्रतिनिधित्व की भी मांग की गई है। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल (डब्ल्यूबीएमसी) और पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य भर्ती बोर्ड (डब्ल्यूबीएचआरबी) में कथित भ्रष्टाचार की जांच की भी मांग की गई है।

### आठ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म कर दोनों हाथ तोड़े

#### हैवान ने सिर कुचलकर की हत्या

**हाजीगंज,05 अक्टूबर 2024 (ए)।** सोरांव क्षेत्र में आठ वर्षीय बालिका से दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला सामने आया है। मृतका के दोनों हाथ तोड़कर उसका सिर कुचलकर मारा गया है। परिवार को उसका शव घर से



200 मीटर दूर धान के खेत में पड़ा मिला। परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।सोरांव क्षेत्र के रहने वाली आठ वर्षीय बालिका कक्षा दो की पढ़ती थी। व पांच भाई-बहन पर चौथे नंबर की थी। गुरुवार शाम को वह दुर्गा पूजा में शामिल होने के लिए घर से निकली थी। उसको काफी देर हो गई, तो परिवार को चिंता हुई। बड़ा भाई को उसको खोजने के लिए दुर्गा पंडाल गया, लेकिन वहां वह नहीं मिली। परिवार के सभी लोगों ने पूरे गांव में खोजा, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला ।

# 5 राज्यों के 22 जगहों पर एनआईए की ताबड़तोड़ छापेमारी

### आतंकी संगठन से जुड़े मामले में एक्शन

**नई दिल्ली,05 अक्टूबर 2024(ए)।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की गतिविधियों से जुड़े मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र यूपी, असम और दिल्ली में छापेमारी कर रही है। ये छापेमारी कुल 22 स्थानों पर चल रही है। जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र के मालेगांव शहर में भी एनआईए छापेमारी कर रही है। शहर के मशरिकी इकबाल रोड पर अब्दुल्लाह नगर में एक डॉक्टर के होम्योपैथी क्लिनिक पर देर रात से छापेमारी चल रही है।

### 22 जगहों पर एनआईए की छापेमारी

अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादी संगठन के खिलाफ अपनी जांच के तहत कई राज्यों में 22 स्थानों पर तलाशी ली। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में तलाशी चल रही है।इससे पहले अभी हाल में ही एनआईए ने पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में कई स्थानों पर छापेमारी की थी। एनआईए की टीम ने राज्य




के दक्षिण 24 परगना, आसनसोल, हावड़ा, नदिया और कोलकाता जिलों में 11 स्थानों पर संदिग्धों के आवासों की गहन तलाशी ली। एनआईए की तरफ से कहा गया कि संदिग्ध भाकपा (माओवादी) के सक्रिय कार्यकर्ता थे और माना जाता है कि उन्होंने नक्सली गतिविधियों को अंजाम देने में संगठन के कमांडरों की सहायता की।एनआईए की तरफ से कहा गया कि तलाशी में कई दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, पर्चे, पत्रिकाएं और हस्तलिखित पत्र जब्त किए गए। एनआईए ने कहा कि यह मामला पोलित ब्यूरो, केंद्रीय समिति के सदस्यों, कार्यकर्ताओं और प्रतिबंधित संगठन के समर्थकों की साजिश से संबंधित है।

# बस मार्शलों को लेकर हाई-वोल्टेज ड्रामा

» बीजेपी नेता की गाड़ी में बैठी सीएम आतिशी...


» सौरभ भारद्वाज ने पकड़ लिए पैर...

**नई दिल्ली,05 अक्टूबर 2024(ए)।** बस मार्शलों की बहाली के मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा विधायक एलजी ऑफिस पहुंचे। इस दौरान उनके साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भी थीं। एलजी ऑफिस जाने के दौरान का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में सीएम आतिशी, भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता की गाड़ी में जाकर बैठ गईं। इस दौरान विजेंद्र गुप्ता दूसरी गाड़ी के लिए आगे बढ़ गए।

दरअसल, बस मार्शलों के मुद्दे पर आज दिल्ली सचिवालय में सीएम आतिशी ने बैठक बुलाई, जिसमें बीजेपी के विधायक, दिल्ली सरकार के मंत्री और कुछ बस मार्शल भी शामिल हुए। इस दौरान सीएम आतिशी ने प्रस्ताव रखा कि अभी सभी मिलकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना के पास चलते हैं। वहीं, सीएम आतिशी ने कहा कि मार्शल चाहते हैं कि हम सभी मिलकर अभी उपराज्यपाल के पास चलेंगे। उन्होंने कहा कि कैबिनेट यहीं मौजूद है यहीं पर साइन होंगे, लेकिन बीजेपी विधायकों ने उपराज्यपाल निवास जाने से इनकार कर दिया।आम आदमी पार्टी के विधायकों के साथ ही दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने विजेंद्र गुप्ता को घेर रखा था। इस दौरान सभी उनसे गाड़ी में बैठने के लिए विनती कर रहे थे। विनती करने के दौरान विजेंद्र गुप्ता हंसते हुए आगे बढ़े तो सौरभ भारद्वाज ने कहा कि गुप्ता जी भाग रहे हैं। इतना सुनने के बाद विजेंद्र गुप्ता फिर से कार के पास पहुंचे तो आम आदमी पार्टी के नेताओं ने उनसे गाड़ी में बैठने और साथ चलने के लिए विनती करते हुए उनके सामने हाथ जोड़ लिए। इतने में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हाथ ना जोड़ो पैर पकड़ो। इतना कहते हुए सौरभ भारद्वाज ने खुद भी विजेंद्र गुप्ता के पैर पकड़ लिए।



# बंगाल की खाड़ी में उठ रहा बवंडर



### मौसम विभाग का 11 राज्यों में बारिश का अलर्ट

**इंदौर,05 अक्टूबर 2024(ए)।** देश के लगभग सभी हिस्सों में मानसून की विदाई को हो गई है। हालांकि नॉर्थ ईस्ट और प्रायद्वीपीय भारत में बारिश का दौर थमा नहीं है। शुक्रवार को असम और आसपास के इलाकों में 240 मिमी से अधिक बरसात हुई। आईएमडी ने कहा कि बंगाल की खाड़ी में तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक लो प्रेशर बन रहे हैं। वहीं, पूर्वी बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर बन रहा है। इस वजह से तमिलनाडु, केरल, लक्षद्वीप, दक्षिण आंध्रप्रदेश और दक्षिणी कर्नाटक में मूसलाधर बरसात हो सकती है। मौसम विभाग ने शनिवार को केरल, दक्षिणी आंध्र प्रदेश, दक्षिणी कर्नाटक और तमिलनाडु में बारिश की भविष्यवाणी की है। साथ ही येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं,असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम और मेघायल में मूसलाधर बारिश की संभावना है। साथ ही बंगाल की खाड़ी के आसपास लगे क्षेत्रों में हल्की बरसात हो सकती है।

# इलेक्टोरल बॉन्ड पर दायर पुनर्विचार याचिका को एससी ने किया खारिज

**नई दिल्ली,05 अक्टूबर 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी के अपने फैसले पर पुनर्विचार की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिसमें मोदी सरकार की चुनावी बांड योजना को रद्ध कर दिया गया था। चुनावी बांड योजना के जरिये राजनीतिक दलों को गुमनाम चंदा दिया जाता था।प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पार्डीवाला तथा जस्टिस मनोज मिश्र की पीठ ने कहा कि रिकार्ड में कोई स्पष्ट त्रुटि नहीं है। शीर्ष अदालत ने पुन र्विचार याचिकाओं पर खुली अदालत में सुनवाई के आग्रह को भी खारिज किया।



## संपादकीय

# लंबे कार्य-घंटों में छिपी अमानवीयता

श्रम मंत्री ने कहा है कि अन्ना की मौत के मामले की जांच शुरू हो चुकी है और सात से 10 दिन में रिपोर्ट आ जाएगी। लेकिन रिपोर्ट क्या आएगी? क्या लंबे कार्य-घंटों के चलन में कोई गोपनीयता है? अर्नस्ट एंड यंग (ईएंडवाई) की कर्मचारी अन्ना सिबैस्टियन पेरायिल की मौत के सोशल मीडिया पर बड़ा मुद्दा बनने के बाद लंबे कार्य-घंटों में छिपी अमानवीयता को लेकर भारतीय राजनेताओं की संवेदना में क्षणिक हलचल दिखी है। अन्ना के गृह राज्य यानी केरल के नेता ज्यादा आहत नजर आए हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कार्य-घंटों को सीमित करने के लिए एक निजी मेंबर बिल पेश करने की घोषणा की है। थरूर ने कहा है कि किसी को भी एक दिन में आठ घंटों के ज्यादा काम नहीं करना चाहिए। मामला गरम होते देख सत्ताधारी नेता भी विवाद में कूदे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने कॉलेजों एवं संस्थानों को सलाह दी कि वे अपने यहां छात्रों को काम के तनाव को संभालने के लिए प्रशिक्षण का इंतजाम करें। श्रम राज्य मंत्री शोभा करांडजले ने मामले की जांच की घोषणा की। अब श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा है कि जांच शुरू हो चुकी है और सात से 10 दिन में रिपोर्ट आ जाएगी। लेकिन रिपोर्ट क्या आएगी? क्या लंबे कार्य-घंटों के चलन में कोई गोपनीयता है? यह आज की कार्य संस्कृति का हिस्सा है, जिसे बढ़ावा देने में खुद सरकारों का योगदान है। इन्फोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति खुलेआम कर्मचारियों से हफ्ते में 70 घंटे काम लेने की वकालत कर चुके हैं। अन्ना ने अपनी मां को लिखे पत्र में कहा था-काम का बोझ,नया माहौल,और लंबे कार्य-घंटों की कीमत उसे शारीरिक, भावनात्मक, और मानसिक रूप से चुकानी पड़ रही है। लेकिन क्या यह सिर्फ किसी एक कर्मचारी की व्यथा कथा है? ईएंडवाई बहुराष्ट्रीय कंपनी है। उसमें नौकरी हाई-प्रोफाइल मानी जाती है। उसके कर्मचारी उच्च मध्य वर्ग का हिस्सा होते हैं। संभवतः यह भी एक कारण है, जिसकी वजह से अन्ना की मौत मुद्दा बनी और राजनेताओं की संवेदना को भी छू सकी। वरना, इसी समय तमिलनाडु स्थित सैमसंग कंपनी में मजदूरों की हड़ताल चल रही है। कार्य-स्थियों में सुधार उनकी भी एक प्रमुख मांग है। लेकिन यह खबर कितने लोगों के पास है? तो कुल मिलाकर मामला सोशल मीडिया तूफान का है, जिसके थमते ही नेताओं की भावनाएं भी यथास्थिति में चली जाएंगी।

## सियान (बुज़ुर्ग)


मुकेश उइके
पाली,
कोरबा
छत्तीसगढ़.



जेन सियानी गोठ के, देवय सब ला ज्ञान।
देव बरोबर हे उही, कहिथें गुनिक सुजान।।
बिन सियान के घर घलो, लगथे गा शमशान।
दुख ला वो सहिके सदा, रखथे सबके ध्यान।।
रोज सिखौना बात ला, सब ला बने बताय।
जिनगी हावय सार गा, सुग्घर पाठ पढ़ाय।।
धारन खंभा जस उही, थामें रहिथे भार।
अब्बड़ गा परिवार ले, करथे मया दुलार।।
जेकर घर हे सियान गा, खुश रहिथे परिवार।
हँसी ठिठोली मा चलय, सुमता के दरबार।।
घर के बड़े सियान जी, पबरित जेकर पाँव।
बर पीपर कस पेड़ बन, देवय निर्मल छाँव।।

# दुर्गा समस्त शक्ति अर्थात राष्ट्र शक्ति का प्रतिरूप

हेमाद्री ग्रन्थ में इनके दस और आठ हाथों का उल्लेख है। माता की चतुर्भुजी प्रतिमा भी देखी जाती है, परंतु देवी की दसभुजा और अष्टभुजा स्वरुप ही जनमानस में सर्वप्रचलित है। देवी की दस भुजाएं दस दिशाओं की केन्द्रीय शक्ति होने तथा दस विभूतियों से मानव की रक्षा करने के भाव का प्रमुख रूप से द्योतक है। इसी प्रकार अष्टभुजा आठ दिशाओं में लोक के योग क्षेम के भाव का द्योतक है।नवरात्र में अष्टभुजाओं वाली भगवती दुर्गा की प्रतिमा स्थापन, पूजन, आराधना की परिपाटी है। भगवती दुर्गा की प्रतिमा में हाथों की संख्या विभिन्न पुराणों में अलग-अलग अंकित है। वराह पुराण 95/41 में अंकित है कि माता वाराही अपनी बीस हाथों में अस्त्र-शस्त्र एवं धार्मिक-सांस्कृतिक प्रतीकों-शंख,चक्र,गदा,पद्म,शक्ति, महोल्का,हल,मूसल,खड्ग,परिधि, भृशुण्डि,मस्तक,खेमट, तोमर, परशु, पाश, कुन्त,त्रिशूल, सारंग, धनुषादि को धारण करती है। देवी भागवत पुराण में इनके अठारह हाथों का उल्लेख है। हेमाद्री ग्रन्थ में इनके दस और आठ हाथों का उल्लेख है। माता की चतुर्भुजी प्रतिमा भी देखी जाती है, परंतु देवी की दसभुजा और अष्टभुजा स्वरुप ही जनमानस में सर्वप्रचलित है। देवी की दस भुजाएं दस दिशाओं की केन्द्रीय शक्ति होने तथा दस विभूतियों से मानव की रक्षा करने के भाव का प्रमुख रूप से द्योतक है। इसी प्रकार अष्टभुजा आठ दिशाओं में लोक के योग क्षेम के भाव का द्योतक है।इसी कारण देवी की दस विद्या, नवदुर्गा अथवा अष्ट मातृका रूप में नाम-स्मरण, पूजा-अर्चना की परिपाटी है। शताक्षी एवं शाकंभरी भी इनका नाम है। आठ दिशाओं में लोक के योग क्षेम के भाव का द्योतक अष्टभुजा वाली दुर्गा की वास्तविकता का वर्णन व विश्लेषण वैदिक मत में भी किया गया है। वैदिक विद्वानों के अनुसार पहली भुजा (भुज) पूर्व की है, जहां से उदित होने वाले अदिति सूर्य का प्रातः काल में पूर्वाभिमुख होकर के याग करना चाहिए। अपने जीवन को प्रकाशमान करना चाहिए। क्योंकि प्रकाश ही तो मानव का जीवन है। अपने अंतर्तम के अंधकार को समाप्त करना चाहिए। अंधकार अज्ञान का प्रतीक है। प्रकाश ज्ञान का प्रतीक है। यह देवी की एक भुजा है। दूसरी भुजा दक्षिण दिशा है। अध्यात्म में दक्षिण दिशा में विज्ञान की तरंगे ओत- प्रोत रहती है। दक्षिण में ही शब्दों का भंडार होता है। दक्षिण में ही सोम है। दक्षिण दिशा ही अग्नि और विद्युत का भंडार है। इसलिए यह ईश्वर प्रदत्त दूसरी दिशा, दूसरी भुजा और दूसरी शक्ति है। तीसरी दिशा पश्चिम है,जो ईश्वरीय दिव्य शक्ति माता का तृतीय भुज कहलाता है। यह भुज अन्न के भंडार के रूप में जानी जाती है। जब पश्चिम दिशा से वायु वेग से गति करती है, विद्युत को साथ लेकर आती है तो माता पृथ्वी के गर्भ में नाना प्रकार की आभा को वर्षा से परिणत कर देती है। नाना प्रकार का खाद्य और खनिज पदार्थ इसी से उत्पन्न होने लगता है। इसलिए यह माता की तीसरी भुजा है।चौथी भुजा उत्तरायण है। योगी, साधकजन सभी उत्तर की दिशा को अभिमुख होकर योगाभ्यास करते हैं। प्राण की गति को प्राप्त करते हैं। सभी शुभ कार्य उत्तर दिशा की ओर मुख करके होते हैं। सभी ज्ञान का भंडार उत्तरायण में रहता है। इसलिए यह ईश्वर रूपी माता की दी हुई चौथी भुजा है। पांचवी भुजा ध्रुवा कही जाती है, जो प्रकृति के साथ जुडने वाली नीचे की ओर की भुजा अथवा दिशा है। प्रकृति एवं पृथ्वी से अनेक साधन और समर्थ प्राप्त होते हैं। साधक अथवा वैज्ञानिक इसमें भी गति करता है। छठा भुजा उर्ध्वा में रहता है अर्थात ऊपर की दिशा जो अंतरिक्ष लोक से द्युलोक तक की गति कराता है। नाना प्रकार की सुखों की, आनंद की, तथा देवत्व की वृष्टि करता है। इसकी प्राप्ति के लिए प्राणी को दैव (देवी) याग करना चाहिए। और ब्रह्मवेत्ता अर्थात ब्रह्म का चिंतन करने वाला साधक बनना चाहिए। योगी की भांति उड़ान करते हुए अनेक लोकों में, मंडलों में भ्रमण करना चाहिए। विज्ञान के युग में गति करनी चाहिए। वैज्ञानिक यंत्रों पर विद्यमान होकर के लोक-लोकातंरों की यात्रा योगाभ्यासी करने लगता है।उल्लेखनीय है कि याग के समय कलश की स्थापना की दिशा ईशान कोण होती है। योगाभ्यास करने वाला प्राणी मूलाधार में मूल बंध को स्थित करके नाभि केंद्र में ज्योति का प्रकाश दृष्टिपात करता है। उसके बाद जालंधर बंध को लगा करके हृदय चक्र में ज्योति को देखता है। तत्पश्चात कंठ में और स्वाधिष्ठान चक्र में, जहां त्रिवेणी का स्थान अर्थात ईड़ा, पिंगला, सुषुम्ना का मिलन होता है, वहां त्रिभुज कहलाता



है, इस त्रिभुज वाले स्थान पर तीनों गुण- रजोगुण, तमोगुण, सतोगुण को दृष्टिपात करके आत्मा ब्रह्म रंध्र में प्रवेश करता है। और ब्रह्म रंध्र में जब योगेश्वर जाता है, तो वह सर्व ब्रह्मांड को दृष्टिपात करता है। ईशान कोण में विद्यमान ज्योति को योगी ध्यानावस्थित करता है।कुंभकार के द्वारा मृदा से निर्मित कलश में जल ओत-प्रोत होता है। इसमें अमृत होता है। वह अमृत प्राण की वर्षा कर रहा है। ज्ञान की वृष्टि कर रहा है। अर्थात वह सरस्वती का देने वाला है। ज्ञान का पान करने से सरस्वती आती है। अमृत के ही पान करने वाले सरस्वती को अपने में धारण करते हैं। यह ईशान माता काली अर्थात पृथ्वी की सातवीं भुजा है। आठवां भुजा दक्षिणायन कृति कहलाता है इसमें विद्युत समाहित होकर और पश्चिम दिशा से अन्न का भंडार लेकर के मानव का भरण पोषण करती है। इसलिए वह भी एक देवी का रूप है, शक्ति का रूप है। इसीलिए योगी व विद्वतजन कल्याण करने वाली माता, देवी से दुर्गुणों को दूर करके, दुर्गुणों को शांत करके कल्याण करने, अपनी अमृत की वृष्टि करने की प्रार्थना करते हैं।इस अष्टभुजा दुर्गा का अपना राष्ट्रीय महत्व भी है। दुर्गा समस्त शक्ति अर्थात राष्ट्र शक्ति का प्रतिरूप है, जो कि व्यक्ति और व्यक्तियों का सम्मिलित रूप राष्ट, शारीरिक रूप बल, सम्पति बल एवं ज्ञान बल से सिंह सदृश है, उस व्यक्ति में, उस राष्ट्र पर शक्ति (दुर्गा) प्रकट होती है। राष्ट्र को पशुबल (कार्तिकेय), सम्पति बल (लक्ष्मी) एवं ज्ञान बल (सरस्वती) चाहिए, किन्तु बुद्धिहीन के लिए बल, सम्पति एवं ज्ञान निरर्थक ही नहीं, प्रत्युत आत्मसंहार के लिए प्रबल अस्त्र सिद्ध होते हैं।इसीलिए मनुष्यता के आदिदेव बुद्धि के महाकाय (गणपति) वर्तमान हैं, जिनकी विशाल बुद्धि (शरीर) के भार के नीचे सभी विघ्न (चूहे) विवश रहते हैं। समस्त दिशाओं में फैली हुई राष्ट्रशक्ति ही राष्ट्र की दो, चार, आठ, दस, सहस्त्र और अनन्त तथा असंख्य भुजाएं हैं तथा समस्त प्रकार के उपलब्ध अस्त्र-शस्त्रादि ही दिक्पालों के अस्त्र-शस्त्रादि इनके आयुध हैं। कोई व्यक्ति और राष्ट्र ऐसा नहीं है, जिसका विरोध न हो। यही महिष है। दुर्गा के रूप में यह भारतशक्ति की उपासना है। पौराणिक मान्यतानुसार नवरात्र उत्सव के चौथे दिन पूजी जाने वाली कूष्माण्डा देवी की आठ भुजाएं हैं, इसलिए ये माता अष्टभुजा कहलाती हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है। संस्कृत में कुम्हड़े को कुष्माण्ड कहे जाने कारण इस देवी को कुष्माण्डा के नाम से संज्ञायित किया जाता है। अपनी मन्द, हल्की हंसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्माण्डा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अन्धकार ही अन्धकार था, तब इसी देवी ने अपने ईष? हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा अथवा आदिशक्ति कहा गया है।इस देवी का वास सूर्यमण्डल के भीतर लोक में है। सूर्यलोक में रहने की शक्ति क्षमता केवल इन्हीं में है। इसीलिए इनके शरीर की कान्ति और प्रभा सूर्य की भांति ही दैदीप्यमान है। इनके ही तेज से दसों दिशाएं आलोकित हैं। ब्रह्माण्ड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में इन्हीं का तेज व्याप्त है। कूष्माण्डा अर्थात अण्डे को धारण करने वाली। स्त्री और पुरुष की क्रमशः गर्भधारण और गर्भाधान शक्ति है। मनुष्य योनि में स्त्री और पुरुष के मध्य इक्षण के समय मंद हंसी (कूष्माण्डा देवी का स्व भाव) के परिणाम स्वरूप जो उठने वाला आकर्षण और प्रेम का भाव भगवती की ही शक्ति है। इनके प्रभाव को समस्त प्राणीमात्र में देखा जा सकता है। ब्रह्मा के दुर्गा कवच में वर्णित नवदुर्गा नौ विशिष्ट औषधियों में कूष्माण्डा भी शामिल है। पेठा और कुम्हड़ा नाम से प्रचलित यह औषधि रक्त विकार दूर कर पेट को साफ करने में सहायक है। मानसिक रोगों में यह अमृत समान है।संसार सागर में डूबते हुए पुत्रों को अमोधवाणी से उत्साहित करने वाली त्रैलोक्यजननी, विश्वम्भरी, कृपा सागरा, सच्चिदानन्द रूपिणी,भक्त वत्सला, अमृत रसदायिनी, कामदूहा, प्रकृति रूपा श्रीदुर्गा की उपासना भारतवर्ष के समस्त अंचलों में विभिन्न रूपों में की जाती है। यह वर प्रदान करने के लिए सर्वदा उन्मुक्तहस्त खड़ी रहती है। इसीलिए इसका नाम जगत्तारिणी है। सम्पूर्ण विश्व को सत्ता, स्फूर्ति और सरसता प्रदान करने वाली सच्चिदानन्दरूपा महाचित्ति भगवती श्रीदुर्गा अपने तेज से तीनों लोकों को परिपूर्ण करती हैं तथा जीवों पर दया करके स्वयं ही सगुण भाव को प्राप्त कर ब्रह्मा, विष्णु, महेश से उत्पति, पालन और संहार करती है। विश्व जननी, मूल प्रकृति ईश्वरी, आद्याशक्ति श्रीदुर्गा सर्वांगी, समस्त प्रकार से मंगल करने वाली एवं सर्वमंगलों की भी मंगल है। प्रकृति स्वधा है, पृश्नि है तथा पिशंगिला, पिलिप्पिला, अजा, अमृता, अदिति, उत, अप,अवि, सिन्धु, ब्रह्म, त्रदत, त्रिधातु आदि अनेक नाम वाली हैं। प्रकृति से जीव को विविध प्रकार की भोग सामग्री प्राप्त होती है, जिसे वह अपने कौशल द्वारा और भी उपयोगी बना लेता है।

-अशोक प्रवृद्ध-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# उत्सर्जन का दायरा बढ़ाएं

जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने का महत्व पहले कभी इतना अधिक नहीं रहा। राष्ट्र और कंपनियाँ ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। इन उत्सर्जनों को तीन क्षेत्रों में वर्गीकृत करना - क्षेत्र 1, क्षेत्र 2 और क्षेत्र 3 - पारदर्शिता और जवाबदेही में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। क्षेत्र 1 और क्षेत्र 2 उत्सर्जन, जो क्रमशः प्रत्यक्ष और बिजली से संबंधित अप्रत्यक्ष उत्सर्जन हैं, अच्छी तरह से परिभाषित हैं और रिपोर्टिंग के लिए अनिवार्य हैं। हालाँकि, क्षेत्र 3 उत्सर्जन, जिसमें अन्य सभी अप्रत्यक्ष उत्सर्जन शामिल हैं, ऐतिहासिक रूप से वैकल्पिक रहे हैं और बड़े पैमाने पर अनदेखा किए गए हैं। इस प्रकार, क्षेत्र 3 उत्सर्जन को मान्यता देने के कानूनी परिणामों का पता लगाने की सख्त ज़रूरत है, विशेष रूप से हाल के कानूनी उदाहरणों और पर्यावरण विनियमन और कॉर्पोरेट जिम्मेदारी के लिए उनके व्यापक निहितार्थों के प्रकाश में। जीएचजी उत्सर्जन को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने और रिपोर्ट करने के लिए, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष उत्सर्जन स्रोतों को चित्रित करना आवश्यक है। क्षेत्र 1 उत्सर्जन कंपनी के स्वामित्व वाले या नियंत्रित स्रोतों से प्रत्यक्ष उत्सर्जन को संदर्भित करता है, जैसे कि स्वामित्व वाले बॉयलर या वाहनों में दहन से उत्सर्जन। दूसरी ओर, स्कोप 2 उत्सर्जन, कंपनी द्वारा उपभोग की गई खरीदी गई बिजली के उत्पादन से अप्रत्यक्ष त॥त उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। दोहरी गणना को रोकने के लिए विभिन्न त॥त कार्यक्रमों के तहत रिपोर्टिंग के लिए स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन दोनों अनिवार्य हैं।



हालांकि, स्कोप 3 उत्सर्जन अधिक जटिल हैं और स्कोप 1 या स्कोप 2 द्वारा कवर नहीं किए गए अन्य सभी अप्रत्यक्ष उत्सर्जन को शामिल करते हैं। इनमें खरीदी गई सामग्रियों के निष्कर्षण और उत्पादन, खरीदे गए ईंधन के परिवहन और बेचे गए उत्पादों और सेवाओं के उपयोग जैसी गतिविधियों से होने वाले उत्सर्जन शामिल हैं। क्योंकि वे ऐसे स्रोतों से होते हैं जो कंपनी के स्वामित्व या नियंत्रण में नहीं होते हैं, इसलिए स्कोप 3 उत्सर्जन माप और जवाबदेही में महत्वपूर्ण चुनौतियाँ पेश करते हैं।
यूनाइटेड किंगडम में सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में दिए गए एक ऐतिहासिक फैसले ने पर्यावरणीय प्रभाव आकलन में स्कोप 3 उत्सर्जन पर विचार करने के लिए एक नई मिसाल कायम की है। अभियानकर्ता, सारा फिंच द्वारा शुरू किए गए मामले में, निकाले गए तेल को जलाने से होने वाले डाउनस्ट्रीम उत्सर्जन पर विचार किए बिना हॉर्स हिल में एक तेल ड्रिलिंग कुएं के लिए नियोजन अनुमति बढ़ाने के सरे काउंटी काउंसिल के फैसले को चुनौती दी गई। सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि जीवाश्म ईंधन के उपयोग से होने वाले अपरिहार्य भविष्य के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को पर्यावरणीय आकलन में ध्यान में रखा जाना चाहिए, जिससे स्कोप 3 उत्सर्जन के महत्व को पहचाना जा सके। न्यायालय ने यह भी कहा कि जीवाश्म ईंधन परियोजना के दहन उत्सर्जन इसके समग्र पर्यावरणीय प्रभावों का हिस्सा हैं, इस बात पर जोर देते हुए कि एक बार तेल निकाले जाने के बाद, इसे जलाया जाएगा और सीओ-2 जारी होगी, जो वैश्विक तापमान में वृद्धि में योगदान देगा। यह फैसला सभी महत्वपूर्ण पर्यावरणीय प्रभावों के लिए लेखांकन की आवश्यकता को रेखांकित करता है, चाहे वे कहीं भी या कब हों, जिससे पर्यावरणीय प्रभाव आकलन के दायरे को डाउनस्ट्रीम उत्सर्जन को शामिल करने के लिए व्यापक बनाया जा सके।
यह निर्णय जलवायु कार्यकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है और जीवाश्म ईंधन परियोजनाओं के खिलाफ अन्य कानूनी चुनौतियों के लिए एक मिसाल कायम करता है। यह सार्वजनिक निकायों के कानूनी दायित्व को उजागर करता है कि वे अपने निर्णयों के पूर्ण पर्यावरणीय प्रभाव पर विचार करें, जिसमें स्कोप 3 उत्सर्जन भी शामिल है, जिससे पर्याप्त जलवायु प्रभाव वाली परियोजनाओं को अस्वीकार करने का मामला मजबूत होता है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में हॉर्स हिल के विशिष्ट मामले से परे दूरगामी निहितार्थ हैं। यह अधिक व्यापक पर्यावरणीय आकलन की ओर बदलाव का संकेत देता है और भविष्य के नियामक ढांचे और कॉर्पोरेट प्रथाओं को प्रभावित कर सकता है। उदाहरण के लिए, उत्तरी सागर में रोज़बैंक और जैकडॉ तेल और गैस क्षेत्रों के खिलाफ़ चल रहे अन्य मुकदमों को इस मिसाल से बल मिलने की संभावना है। यह निर्णय वर्तमान विनियामक दृष्टिकोणों की पर्याप्तता पर भी सवाल उठाता है जो डाउनस्ट्रीम उत्सर्जन को अनदेखा करते हैं। यह अधिक मज़बूत कानून की आवश्यकता का सुझाव देता है जो सभी महत्वपूर्ण परियोजनाओं में स्कोप 3 उत्सर्जन पर विचार करना अनिवार्य करता है। इससे सख्त पर्यावरणीय नियमन और संभावित जलवायु प्रभावों वाली परियोजनाओं की अधिक कठोर जाँच हो सकती है। व्यापक जीएचजी कटौती को प्राप्त करने के लिए स्कोप 3 उत्सर्जन को पहचानना महत्वपूर्ण है। स्कोप 3 उत्सर्जन अक्सर किसी कंपनी के कुल जीएचजी पदचिह्न का सबसे बड़ा हिस्सा होता है, खासकर तेल और गैस, परिवहन और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में। उदाहरण के लिए, स्कोप 3 उत्सर्जन कुल औद्योगिक कार्बन पदचिह्न का लगभग 75 प्रतिशत है, जो जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है। कई कंपनियाँ अपने स्कोप 3 उत्सर्जन के प्रबंधन में सक्रिय कदम उठाने लगी हैं।

-त्रिवेणी-

# आप की एंट्री भाजपा और कांग्रेस की टेंशन

हरियाणा चुनाव में आप पार्टी की एंट्री ने भाजपा और कांग्रेस की टेंशन बढ़ा रखी है। दोनों ही पार्टियाँ जीत को लेकर जितनी आश्वस्त थीं उससे कहीं ज़्यादा अब दबाब में दिख रही हैं। यह अलग बात है कि केजरीवाल की पिटारी में भाजपा को कोसने और दिल्ली को दी गई फ्री के लॉलीपॉप के अलावा कुछ और नहीं है पर अपने अलग अंदाज में दिए जा रहे भाषणों से वे ऐसी ताक़त बनने के फेर में लगे हुए हैं जिसके बिना हरियाणा में सरकार बनाने में इन दोनों पार्टियों को केजरीवाल की ज़रूरत महसूस हो। कांग्रेस अगर सूबे में सत्ता परिवर्तन देख रही है तो भाजपा सत्ता में तीसरी बार लौटने के लिए बेताल है। भाजपा को भरोसा है कि आप कांग्रेस का दलित और पिछड़े वर्गो के वोटों में सेंध लगाने के साथ ही जाट वोटों को काटेगी जिससे भाजपा को फ़ायदा होगा। जबकि कांग्रेस को अपने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा पर भरोसा है। यही बजह रही कि हुड्डा को इस बार पार्टी हाईकमान ने पूरी छूट दी हुई है। यहाँ तक कि 90 सीटों वाली विधानसभा में 75 फ़ीसद टिकट हुड्डा की इच्छा से ही दिए गए हैं। जबकि केजरीवाल इन चुनावों में खुद को तीसरी बड़ी ताक़त बना लेना चाहते हैं। वे हरियाणा में मुफ़्त बिजली के साथ पिछले सभी बिल माफ़, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा के साथ ही हरेक महिला को एक हज़ार रूपये देने की मुनादी पीटकर हरियाणा में अपनी ज़मीन तैयार करने में लगे हैं। मज़े की बात है कि केजरीवाल यह भी बता रहे हैं कि दूसरी पार्टियों की तरह उनकी दी जाने वाली गारंटियाँ फर्ज़ी नहीं हैं।और रही बची कसर उनकी पत्नी यह कहकर पहले ही पूरी कर चुकी हैं कि अरविंद का जन्म जन्माष्टमी पर हुआ था और भगवान उनसे कुछ अच्छा ही कराना चाहते हैं। अब भला हरियाणा में कौन बना पाता है सरकार और कौन रह जाता है बेकार यह तो रही इंतज़ार की बात, पर यह ज़रूर दिख रहा है कि गिरफ़्तारी के दौरान राजनीति में जो कुछ भी केजरीवाल ने खोया होगा




उसे वे हरियाणा विधानसभा चुनावों में हासिल कर लेना चाहते हैं।आतिशी का दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने के साथ ही सत्ता के गलियारों में अगले साल दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनावों में आप पार्टी से सीएम के चेहरे को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। फ़रवरी में चुनाव होने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में आतिशी का कार्यकाल मात्र चार महीने का ही बचेगा। यानी दिल्ली के लिए बहुत कुछ करने की उनकी इच्छा भी दफ़्न हो लेगी। यह अलग बात है कि भरत की भूमिका में काम कर रहीं आतिशी को राजनीति के जिन दाँवपेंच या उम्मीदों में सीएम बनाया गया है उससे उनकी फिर से सीएम बनने की न तो बहुत इच्छा रह जानी है और न ही उम्मीदें पर सवाल तब यही बचेगा कि आप पार्टी की सरकार बनने में क्या वे सरकार में तीसरे नंबर की रहेंगी। ज़ाहिर है कि वे अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया से वरिष्ठ नहीं होगीं। राजनीतिक गलियारों में तभी यह चर्चा है कि पार्टी या तो चुनाव में विना चेहरे के उतरेगी या फिर भाजपा कांग्रेस को गरियाते हुए केजरीवाल का चेहरा ही चुनाव में होगा। हालाँकि पार्टी भाजपा के चुनावी तीरों के चलते ऐसा करने बचती दिख रही है लेकिन उसके सामने फिर आतिशी के अलावा दूसरा चेहरा नहीं हो पाएगा। भला मनीष सिसोदिया का पार्टी में कोई तोड़ न हो और सरकार में रहते शिक्षकों लेकर जो किया लोग जान चुके हैं पर ऐसा नहीं लगता कि पार्टी मनीष के चेहरे पर चुनाव लड़े। तय मानिए कि विधानसभा चुनावों में आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं होना है ऐसे में उत्साही भाजपा बहुत कुछ करने के लिए व्याकुल रहे और कांग्रेस और आप में चलने वाली खींचातानी में ही उसे अपना दिल्ली का भविष्य नज़र आ रहा हो। लेकिन फिलाहल दिल्ली के लोग भाजपा को दिल्ली से दूर रहते देख रहे हैं। और तभी लोग मान बैठे हैं कि आप एक बार फिर सत्ता में वापिसी करें लेगी। लेकिन सवाल फिर वही बचेगा कि दिल्ली की सत्ता में वापिसी के लिए आखिर कौनसा चेहरा होगा ?वक्त बदलता है तो सांडों को अपने सींग भारी लगने लगते हैं। या यूँ कहिए कि सांड या गाय जिन सींगों से अपनी सुरक्षा करते हैं वहीं उन्हें भारी महसूस होने लगते हैं। हरियाणा चुनावों में भी कुछ ऐसा ही देखा जा रहा है। पिछले साढ़े नौ साल तक हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर अब अपनी को ही असहज महसूस होते दिख रहे हैं। यानी भाजपा को अपने इन नेताजी से चुनावी नुक़सान होते दिख रहा है सो वह जाने-अनजाने अपने इन साहब से दूरी रख मतदाताओं और नेताओं को यह संदेश देते दिख रहे हैं कि खट्टर अब पार्टी के इतने प्रिय नहीं रहे हैं। यह अलग बात है कि सूबे में पार्टी का जनाधार कम होने के बाबजूद खट्टर को केन्द्र मंत्री बना दिया गया। एक तो वैसे ही खट्टर चुनावी दौर में पार्टी नेताओं को माफ़िक़ नहीं आ रहे थे ऊपर से एक चुनावी सभा में सवाल पूछने पर खट्टर ने आपा खो दिया और उसे धक्के देकर सभा से बाहर कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हरजाने से खट्टर हरियाणा में लोगों की निगाह में खटकने लगे। अब भला इतनी बड़ी बात वो भी चुनाव हो तो पार्टी कैसे झेल पाती अपने ही खट्टर साहब को सो पार्टी ने उनसे चुनाव तक दूरी बनाने का रास्ता निकाला। पिछले दिनों जब सूबे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ग्रहमंत्री की चुनावी सभा हुई और पोस्टर छपे तो खट्टर मंच पर तो देखे ही नहीं गए साथ ही पोस्टरों में से भी ग़ायब कर दिए गए। भला मरता क्या नहीं करता सो वही पार्टी की भी मजबूरी बन गई। या फिर सीधे- सीधे यह कहिए कि जिस सूबे में मुख्यमंत्री खट्टर ने क़रीब एक दशक तक शासन किया वहीं की जनता से उन्हें दूर रखा जा रहा है। यूँ भी भाजपा हरियाणा में सत्ता में बरकरार रहने के लिए लगी है तो कांग्रेस सत्ता में फिर वापसी करने के लिए। जबकि सत्ता के इस खेल में अरविंद केजरीवाल की आप पार्टी अलग दाँवपेंच में लगी है। अब वह भाजपा या कांग्रेस के सत्ता में आने का खेल बिगाड़ती है या बनाती है यह बाद की बात है पर सत्ता के लिए छटपटा वो भी रही है। अब सत्ता के इस बनते बिगड़ते खेल में खेल भाजपा खेलती है या फिर कांग्रेस यह फ़ैसला तो चुनावी नतीजों से होगा पर अगर भाजपा ने सीएम उम्मीदवार तय नहीं किया है तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी नेताओं को यह संदेश देकर शांत करा रखा है कि पार्टी किसी एकता दो की नहीं बल्कि सभी की। संदेश तो यही कहता है कि भूपेन्द्र सिंह हुड्डा अगर खुद या बेटे दीपेन्द्र हुड्डा को सीएम बनाने की जुगत में तो पहले से मुहर नहीं है।

-अनिल चतुर्वेदी-

## मां के आने से


घटती-घटना
कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी
गांधीनगर,इंदौर (मध्यप्रदेश)



मां के आ जाने से
मां के आ जाने से देखो,
जीवन रंग बदलता है।
भक्ति-भाव में डूब के सारा,
जन-मानस खूब उमड़ता है,
मां के आ जाने से ...
स्नेहमयी करुणा की मूरत,
है मेरी अम्बे मां,
जब-जब उनके चरण पखारूं,
आंचल में भर लेती मां।
मां के आ जाने से ...
देख के मां की सूरत न्यारी,
खिल जाती है मन की क्यारी,
मां तो है हर जन की माता,
और जगत की पालनहारी।
मां के आ जाने से ....
अहम-भाव में डूब के मानव,
क्या-क्या हरकत कर जाता,
अपनों के ही संग खड़ा वो,
मन ही मन फिर पछताता ।
मां के आ जाने से ....
नव रूपों में मां का दर्शन,
जीवन का भाग जगा देता,
डूब के भक्ति की गंगा में,
भवसागर पार करा देता।
मां के आ जाने से...

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# शिकायत की जांच के बाद एसपी ने आरक्षक को किया सस्पेंड

– संवाददाता –
अंबिकापुर,05 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस को मिली एक शिकायत की जांच में इस बात की पुष्टि हो गई है। विभाग को शिकायत मिली थी कि आरोपी आरक्षक समीनुल हसन फिरदौसी उर्फ सीनू ने दो लोगों के साथ गाली गलौज की थी। इनमें से एक को उसने झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी थी। शिकायत के बाद मामले की विभागीय जांच शुरु की गई थी। इस दौरान आरक्षक सीनू को सस्पेंड कर लाइन अटैच कर दिया गया था। जांच रिपोर्ट के आधार पर एसपी सरगुजा ने आरोपी आरक्षक समीनुल हसन फिरदौसी उर्फ सीनू को (सेवा से पृथक) कर दिया है। समीनुल हसन फिरदौसी उर्फ सीनू सरगुजा पुलिस में आरक्षक क्रमांक 88 के पद पर पदस्थ था। उसके खिलाफ पुलिस महकमे को शिकायत पत्र मिले थे। इनमें से पहला आरोप था कि उसने चोपड़ापारा निवासी सैय्यद आलम के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की थी। इस दौरान उसने पीड़ित को झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी थी।इसके अलावा सत्तीपारा निवासी आयुष एवं रेशमा परवीन ने विभाग को शिकायत की थी। इसमें दोनों ने आरोप लगाया था कि अपने निजी स्वार्थ के लिए समीनुल हसन फिरदौसी उर्फ सीनू ने गालियां देते हुए धमकी दी थी। इसके अलावा रेहान अहमद नाम के पीड़ित के साथ भी गाली-गलौज किए जाने की शिकायत थी।



विभाग ने उपरोक्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विभागीय जांच की जिम्मेदारी डीएसपी मानक राम कश्यप से मामले की जांच कराई। डीएसपी ने डीएसपी कश्यप ने सैय्यद आलम, रेहान अहमद, आयुष सिन्हा इत्यादि का बयान दर्ज किया। जांच में पाया गया कि समीनुल हसन फिरदौसी उर्फ सीनू सैय्यद आलम और अजविंदर कौर के मध्य हैस सैलून को लेकर हुए विवाद में गया था। जबकि इस मामले की थाने में कोई शिकायत नहीं हुई थी। सैय्यद आलम ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि समीनुल हसन फिरदौसी ने उसे ड्रग्स के केस में फंसाने और शहर छोड़ देने की धमकी दी थी। उसने पीड़ित को यह भी कहा था कि वह उसका सैलून उससे छीन लेगा। इन आरोपों की प्रारंभिक जांच के बाद विभागीय जांच कराई गई।

जांच रिपोर्ट के बाद एसपी योगेश कुमार पटेल ने समीनुल हसन फिरदौसी उर्फ सीनू को टर्मिनेट कर दिया है। एसपी ने अपने जारी आदेश में इस बात का भी जिक्र किया है कि अपचारी आरक्षक के निलंबन के 246 दिनों को निलंन अवधि में शुमार किया जाता है।

# नवरात्र पर पर्पल डांडिया नाइट का आयोजन 7 व 8 अक्टूबर को

– संवाददाता –
अंबिकापुर,05 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

शहर के रिंग रोड में स्थित होटल पर्पल ऑर्चिड में 7 व 8 अक्टूबर को पर्पल डांडिया नाइट का आयोजन किया जा रहा है। इसके आयोजक पर्पल आर्चिड के संचालक मुकेश अग्रवाल और राकेश अग्रवाल हैं। आयोजन को लेकर होटल पर्पल आर्चिड में भव्य तैयारियां की जा रही हैं।




आयोजन को लेकर पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुकेश अग्रवाल ने बताया कि नवरात्रि के पावन मौके पर पर्पल डांडिया नाइट शहरवासियों के लिए अलग पहचान लिए होगा। इस आयोजन में मुंबई सहित अन्य शहरों से आने वाली सेलीब्रिटी से लोगों को रूबरू होने का अवसर मिलेगा। दो दिवसीय आयोजन में 7 अक्टूबर को सेफाली बग्गा व सानन्द वर्मा का सान्निध्य लोगों को मिलेगा। बजरंगी भाई की किरदार मुन्नी की उपस्थिति 8 अक्टूबर को होगी। उन्होंने बताया आयोजन में शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए व्हीआईपी, व्हीआईपीपी व डांडिया का आनन्द लोग फैमिली के साथ ले सकें, इसके लिए महिलाओं और बच्चों के लिए उनके माहौल अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## पीजी कॉलेज के आसिस्टेंट प्रोफेसर रश्मीत कौर एक्सीलेंस टीचिंग अवार्ड से हुईं सम्मानित

– संवाददाता –
अंबिकापुर,05 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

पीजी कॉलेज अम्बिकापुर की आसिस्टेंट प्रोफेसर रश्मीत कौर को नोयडा उत्तरप्रदेश में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम में एक्सीलेंस टीचिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी रिसर्च नोयडा द्वारा 29 अगस्त से 31 अगस्त तक नोयडा उत्तरप्रदेश में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन करंट इन्नोवेशन एंड टेक्नोलॉजिकल एडवांस इन एग्रीकल्चर एंड अलाइड साइंस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उक्त कार्यक्रम में शहर की असिस्टेंट प्रोफ्रेसर रश्मीत कौर शामिल हुई थीं। रश्मीत कौर वर्तमान में पीजी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के पद पर पदस्थ हैं। आयोजन के दौरान आयोजनकर्ता संस्था इंडियन सोसाइटी ऑफ़ एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी रिसर्च नोयडा द्वारा रश्मीत कौर को एक्सीलेंस टीचिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया है। ज्ञात हो कि रश्मीत कौर सरगुजा जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों की पत्नी हैं।



# ट्रक मालिक संघ की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

– संवाददाता –
अंबिकापुर,05 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा संभागीय ट्रक मालिक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक को सरगुजा संभागीय ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष रविंद्र तिवारी ने संबोधित करते हुए विगत 25 वर्षों से ट्रक मालिकों के लिए उनके द्वारा किए गये कार्यों का विवरण रखा। साथ ही उन्होंने कहा है कि ट्रक मालिकों को सिर्फ कोल परिवहन में निर्भर नहीं रहना चाहिए। सरगुजा में परिवहन व्यवसाय के लिए अनेक विकल्प है जिसमें सभी को परिवहन व्यवसाय को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए जिसमें गन्ना,खाद, बीज, सीमेंट,राशन ,बॉक्साइड जैसे अनेकों वस्तु है जहां ट्रक लगा कर लाभ अर्जित किया जा सकता है। गन्ना परिवहन में सरगुजा संभाग की ट्रक चले इसकी व्यवस्था किया जा रहा है और रघुनाथपुर गन्ना संग्रहण केंद्र को चालू करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे की ज्यादा से ज्यादा ट्रकों को रोजगार मिल सके इसके साथ ही आगामी सीजन में मंडी बोर्ड विभाग से बीज खाद के परिवहन में किसी एक फर्म का वर्चस्व समाप्त कर सभी की ट्रक चले इसकी व्यवस्था की जा रही है और जयनगर रैक प्वाइंट में भी सभी की गाडिया चले इसकी भी व्यवस्था की जा रही है ,परिवहन विभाग द्वारा जीपीएस के नाम पर लूट को बंद कराया जायेगा तथा जीएसटी विभाग द्वारा ट्रक मालिकों को परेशान किया जा रहा है



उस विषय पर भी सरकार से चर्चा कर राहत दिलाया जायेगा! बैठक के अंतिम सत्र में सरगुजा संभागीय ट्रक मालिक संघ का अध्यक्ष का चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ किया गया जिसमें नवराज सिंह बाबरा ने रविंद्र तिवारी को पुनः अध्यक्ष मनोनीत करने का प्रस्ताव रखा जिसे बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने ताली बजा कर समर्थन किया , बैठक में सर्वसम्मति से रविंद्र तिवारी को सरगुजा संभागीय ट्रक मालिक संघ का अध्यक्ष बनाया गया।

बैठक में रविंद्र तिवारी , विकास सिंह, अशोक सिंह,कृष्ण अग्रवाल,विजय गुप्ता, नवराज बाबरा, काके सैनी, संतोष यादव, मोनु साहू,राजेश सिंह,उमेश सिंह, उमेरा सिंह, आकाश जयसवाल, राजेश सोलंकी, बलवेन्द्र सिंह, हरमीत सिंह, अतुल सिंह, राकेश कुमार, कुश शर्मा, अल्ताफ़ आलम, हैप्पी सिंह, अशोक अग्रवाल, राजू ख़ान, विकास गुप्ता, धनंजय सिंह, कुलदीप सोनावकर, मो सरीफ, सुखविंदर सिंह, सद्दाम ख़ान, राहुल गर्ग, राजेश अग्रवाल, रवीश मजूमदार, निहाल अहमद, आश्वानंद यादव, मो अफज़ल, संतोष सिंह, शंभु ठाकुर,संजय केसरी,महेश यादव, गौतम चौहान ,धीरज सिंह, दिलीप माझी,भारत तम्रकार,रिंकु गुप्ता,गुरदीप बाबरा,अजीत सिंह, विक्की सिंह,अनिल यादव,सर्वजित शर्मा,दीपक जयसवाल,सुजित सिंह,उत्तम सिंह,रिषभ सिंह,रफुद्दीन सिदक़ी,विकाश पांडेय,सेकलवार यादव के साथ साथ अनेक ट्रक मालिक इस बैठक में उपास्थि रहे।

## न्यू स्पोर्टिंग क्लब चर्चा ने 3-0 गोल से संत इग्नासियूस टीम को हराया

– संवाददाता –
अंबिकापुर,05 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

शहर के गांधी स्टेडियम में चल रहे संभाग स्तरीय नॉकआउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को दो मैच खेला गया। प्रथम मैच संत इग्नासियूस नमना अंबिकापुर विरुद्ध न्यू स्पोर्टिंग क्लब चर्चा के मध्य खेला गया। जिसमें न्यू स्पोर्टिंग क्लब चर्चा ने 3-0 से मैच जीत लिया। वहीं दूसरा मैच ट्राइबल टाइगर अंबिकापुर विरुद्ध ताल पारा मोहनपुर के मध्य खेला गया। प्रथम हाफ में ताल पारा की टीम ने 1 गोल किया। दूसरे हाफ में भी तालपारा की टीम ने एक और गोल कर टीम को 2-0 से बढ़त मना ली। वहीं ट्राइबल टाइगर की टीम ने एक गोल कर गोल के अंतर को कम कर दिया। मैच के अंतिम समय में ट्राइबल टाइगर की टीम ने दूसरी गोल कर टीम को 2-2 की बारामरी पर ला दिया। इस तरह दूसरा मैच बराबरी पर रहा लीग होने के कारण दोनों टीमों को एक-एक अंक प्राप्त हुआ। रेफरी के रूप में राम बहादुर लम्बा, चंद्रशेखर प्रकाश, दिनेश तिर्की, दीपक कुजूर, अखिलानंद, मंगल रहे। वहीं इसी प्रतियोगिता के तहत रविवार को संत इग्नासियूस क्लब नमना विरुद्ध फुटबॉल क्लब कुन्नी के मध्य खेला जाएगा।



# पूर्व में अपराध में शामिल बदमाशों की सूची तैयार कर पुलिस कर रही तलब

– संवाददाता –
अंबिकापुर,05 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने बदमाशों की सूची तैयार की है। पुलिस ऐसे लोगों को तलब कर रही है जो पूर्व में विभिन्न वारदातों में जेल जा चुके हैं और जेल से छुटने के बाद उनकी भूमिका संदिग्ध है। कोतवाली पुलिस ने शनिवार को 7 ऐसे लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

त्योहार के सीजन को देखते हुए पुलिस अधीक्षक योगेश ने जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश देते हुए का है कि ऐसे बदशामों पर निगरानी बनाए रखें जो पूर्व में वारदात में शामिल रहे हों। ऐसे लोगों को धरपकड़ कर प्रतिबंधात्क कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में शहर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्क कार्रवाई की गई। ये सभी पूर्व में दो से तीन बार विभिन्न वारदातों में जेल जा चुके हैं। थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार ने बताया कि पूछताछ के बाद सभी का नाम, पता और उनके द्वारा बताए गए कार्यो का ब्यौरा पुलिस ने अपने रिकार्ड में दर्ज किया है। जांच प्रक्रिया के दौरान अगर इनके द्वारा बताई गई बातों में भिन्नता पाई जाती है, तो पुलिस इनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई कर सकती है। संदिग्धों का फिंगर प्रिंट भी लिया जा रहा है, जिससे शहर में हुई अन्य ऐसी वारदात जिसका पुलिस पर्दाफास नहीं कर पाई है, उसमें इनकी संलिप्तता तो नहीं है, इसका पता लगाया जा सके। कोतवाली टीआई मनीष सिंह परिहार ने बताया कि संदिग्धों का फिंगर प्रिंट नैफिस साफ्टवेयर भी ले रही हैं। इनके फिंगरप्रिंट से अन्य घटित वारदातों में इनकी संलिप्तता तो नहीं, इसका आसानी से पता लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कोतवाली थाना पुलिस ने इस साफ्टवेयर में अभी तक लगभग 600 लोगों का फिंगरप्रिंट लिया है।




# परिक्षेत्र स्तरीय महिला बास्केटबॉल में केआर कॉलेज रही विजेता



– संवाददाता –
अंबिकापुर,05 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन व संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार परिक्षेत्र स्तर महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन गांधी स्टेडियम में किया गया। इस आयोजन में सरगुजा संभाग के 7 महाविद्यालय ने भाग लिया। जिसमें के आर टेक्निकल कॉलेज की महिला बास्केटबॉल टीम क्रीड़ा अधिकारी रजत सिंह और टीम मैनेजर जया सिरदार का मार्गदर्शन एवं निर्देशन अपनी सहभागिता दर्ज कर शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन मैचों में लगातार जीत हासिल किया। फाइनल मैच में केआर टेक्निकल कॉलेज ने शासकीय राजमोहिनी देवी गर्ल्स पीजी कॉलेज अंबिकापुर को मात देकर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। महिला टीम में प्रियंका पैंकरा, प्रिया जयसवाल, साक्षी तिर्की,रीना, फ्रांसिस्का, प्रीति, आरती खिलाड़ी शामिल थे। इस बड़ी उपलब्धि पर शासी निकाय के उपाध्यक्ष राहुल जैन, डायरेक्टर रीनू जैन, प्राचार्य डॉ.रितेश वर्मा, राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह एवं महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक ने सभी खिलाडियों को जीत के लिए हार्दिक बधाई दी।

# पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ गलत टिप्पणी को लेकर अंजुमन गौसिया कमेटी ने सोपा ज्ञापन

– संवाददाता –
लखनपुर,05 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ गलत टिप्पणी करने को लेकर लखनपुर अंजुमन गौसिया कमेटी के तत्वाधान में मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में 5 अक्टूबर दिन शनिवार की दोपहर लगभग 2 बजे लखनपुर जमा मस्जिद से पदयात्रा करते हुए लखनपुर थाने पहुंचे यति नरसिंहानंद सरस्वती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने थाना प्रभारी को ज्ञापन सोपा है। ज्ञापन में उल्लेखनीय है कि महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती ने 29 सितंबर 2024को गाजियाबाद के लोहियानगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में यति नरसिंहानंद सरस्वती ने पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ गलत टिप्पणी करते हुए रावण की जगह जलने वाले विवादित व्यक्तय दिया है।पूर्व में भी यति नरसिंहानंद सरस्वती के द्वारा मुसलमान को लेकर लगातार गलत बयान बाजी की जा रही है। उनके द्वारा जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को भड़काने तथा देश में अराजकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे लेकर अंजुमन गौसिया कमेटी के तत्वाधान में अक्रोषित मुस्लिम समुदाय ने लखनपुर थाने पहुंच यती नरसिंहानंद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने आवेदन दिया है और उचित कार्रवाई की मांग की गई है।






CMYK

# इस महाद्वीप पर हैं दुनिया की सबसे कम कारें, लेकिन यहीं पर होती हैं सड़कों पर सबसे ज्यादा मौतें

नई दिल्ली,05 अक्टूबर 2024। अफ्रीका में किसी भी क्षेत्र की तुलना में सबसे कम सड़कें और कारें हैं। बावजूद इसके वहां वाहनों से होने वाली मौतों का अनुपात सबसे ज्यादा है। जिसके लिए सामान्य कारण जिम्मेदार हैं -असुरक्षित आदतें, तेज रफ्तार से गाड़ी चलाना और शराब पीना। लेकिन इसके अलावा खराब बुनियादी ढांचा, अपर्याप्त बचावकर्मी और पुरानी कारें जैसी भी कुछ वजहें हैं।



विशेषज्ञों का कहना है कि हर जगह की तरह तेज रफ्तार, शराब और सीट बेल्ट या हेलमेट न पहनना भी मौत और चोट के मुख्य कारणों में से हैं।

लेकिन अफ्रीका में, जहां प्रतिदिन 620 ट्रैफिक दुर्घटनाएं होती हैं, ये समस्याएं खराब सड़कों, पुराने वाहनों, बेहद कम अभियोजन और आपात कालीन सेवाओं (इमरजेंसी सर्विस) की कमी के कारण और भी जटिल हो जाती हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक हालिया रिपोर्ट में पाया गया कि अफ्रीका ने दक्षिण-पूर्व एशिया सहित दुनिया के बाकी हिस्सों को इस मामले में पीछे छोड़ दिया है। जहां सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं। जो कि 2021 में प्रति 100,000 निवासियों पर 19.5 लोगों की मौत का रिकॉर्ड अनुपात है।

दुनिया के सिर्फ चार प्रतिशत ऑटोमोबाइल होने के बावजूद, अफ्रीका में पिछले साल सड़क दुर्घटनाओं में 19 प्रतिशत मौतें हुईं। अंतरराष्ट्रीय ऑटोमोबाइल फेडरेशन के पूर्व प्रमुख और अब संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के सड़क सुरक्षा के लिए विशेष दूत जीन टॉड ने कहा, चिंता की बात यह है कि अफ्रीका में मौतों का रुझान बढ़ रहा है।

यह महाद्वीप एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जहां 2010 और 2021 के बीच सड़क दुर्घटनाओं में मौतों में 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो 2,26,100 हो गई है। यह इजाफा अफ्रीका के आधे से ज्यादा देशों (54 में से 28) में देखा गया।

सबसे बड़े पीड़ित पैदल यात्री हैं, जो पर्याप्त फुटपाथों की कमी के कारण होने वाली मौतों में से एक तिहाई के लिए जिम्मेदार हैं। जबकि दुनिया भर में यह 21 प्रतिशत है।

टॉड ने कहा, ÷हमें फुटपाथ, पर्याप्त साइनेज और पैदल यात्रियों के लिए लेन के साथ बेहतर डिजाइन वाली सड़कें बनाने की जरूरत है, खासकर स्कूलों के आसपास।उन्होंने तेजी से शहरीकरण कर रहे महाद्वीप में सार्वजनिक परिवहन की कमी पर भी दुख जताया। शहरी नियोजन भी दोषपूर्ण है।

विश्व बैंक के परिवहन विशेषज्ञ हैलीयसस एडमटेई ने कहा, ÷कई अफ्रीकी देश अपने बुनियादी ढांचे को मोटर वाहनों के लिए डिजाइन करना जारी रखे हुए हैं, न कि लोगों के लिए, और सुरक्षा को मुख्य चिंता बनाए बिना।

## नियम कभी लागू नहीं हुए

संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा कोष के अनुसार, अफ्रीका की सड़कों पर चलने वाली कारों की गुणवत्ता एक प्रमुख दोषी है। जिनमें से कई 15 साल से भी ज्यादा पुरानी हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सेनेगल में परिवहन मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना है कि खराब ब्रेक और घिसे हुए टायर आम हैं। और अक्सर जानलेवा भी।

प्रवक्ता ने कहा, वाहनों की खराब स्थिति सुरक्षा की कमी का एक प्रमुख कारण है। जनवरी 2023 में दो रात्रि बसों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में 40 लोगों की मौत के बाद, पश्चिम अफ्रीकी देश ने कई नए नियम लागू किए। मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्वीकार किया, लेकिन उनमें से ज्यादातर को कभी लागू नहीं किया गया।

**भ्रष्टाचार का बोलबाला**

कुछ नियम, जैसे कि बसों की छत पर सामान लादने पर प्रतिबंध, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ सकता है, का ऑपरेटरों द्वारा कड़ा विरोध किया गया।

इससे कोई मदद नहीं मिलती है कि ड्राइवरों को अक्सर सिर्फ औपचारिक सबक और टेस्टिंग के साथ लाइसेंस मिल जाता है। इसे अक्सर रिश्वत देकर पूरी तरह से टाला जाता है।

भ्रष्टाचार का मतलब यह भी है कि अनुमेय कानून प्रवर्तन अक्सर कई सड़क सुरक्षा उल्लंघनों को दबा देता है।

संयुक्त राष्ट्र ने 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को आधा करने के लिए कार्रवाई के एक दशक का आह्वान किया है।

टॉड ने जोर देकर कहा कि यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है और इसे सरकार के एजेंडे में सबसे ऊपर रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मानवीय त्रासदी से परे, सड़क दुर्घटनाएं किसी देश के विकास में मंदी का एक प्रमुख कारण भी हैं। जिसकी वजह से सकल घरेलू उत्पाद का औसतन चार से पांच प्रतिशत नुकसान होता है। कभी-कभी अफ्रीका में तो इससे भी ज्यादा।

# सुरगुजा पुलिस द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजन

» कार्यक्रम मे साइबर वालंटियर द्वारा साइबर सुरक्षा से जुड़े मुद्दे ओटीपी गोपनीय रखना, हनी ट्रैप, महिला सुरक्षा,सेक्सटॉर्शन, और खोए मोबाइल की रिपोर्टिंग सम्बन्धी दी गई जानकारी

» पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार साइबर जागरूकता हेतु 15 दिवस विशेष अभियान चलाकर जागरूकता उत्पन्न करने दिए गए हैं दिशा निर्देश



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,05 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

पुलिस मुख्यालय रायपुर के आदेशानुसार 4 से दिनांक 19/10/24 तक साइबर सुरक्षा के सम्बन्ध मे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र छात्राओं एवं आमनागरिकों कों जागरूक किये जाने के दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं, इसी क्रम मे आज दिनांक कों सरगुजा पुलिस के साइबर वालेंटियर एवं साइबर सेल की टीम द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अंबिकापुर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तकनिकी रूप से प्रशिक्षित स्टाप एवं साइबर वालेंटियर द्वारा छात्राओं को साइबर अपराध के तरीके और उनसे बचाव की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर क्राइम रिपोर्टिंग वेबसाइट (www.cybercrime.gov.in) के उपयोग के बारे में बताया गया। साथ ही छात्राओं कों अभिव्यक्ति ऐप और साइबर वालंटियर कार्यक्रम के महत्व से अवगत कराया गया, साइबर सुरक्षा से जुड़े मुद्दे जैसे ओटीपी गोपनीय रखना, हनी ट्रैप, महिला सुरक्षा, सेक्सटॉर्शन, और खोए मोबाइल की रिपोर्टिंग पर भी जानकारी दी गई, सुरगुजा पुलिस द्वारा यह जागरूकता अभियान 05 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 तक लगातार चलाया जाएगा, जिसमें विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया जाएगा, सुरगुजा पुलिस इस अभियान के माध्यम से आमनागरिकों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने का प्रयास कर रही है और इसे सफल बनाने आवश्यक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा हैं।

कार्यक्रम के दौरान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य आर.एल.मिश्रा सहित स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया, कार्यक्रम मे साइबर सेल से अनुज जायसवाल लालदेव सिंह और साइबर वालंटियर टीम से श्रुति तिवारी, अतुल गुप्ता, विक्की गुप्ता, उपस्थित रहे।

# विश्व विजय सिंह तोमर ने किया राज्य युवा आयोग अध्यक्ष का पदभार ग्रहण

» कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री एवं विधायक हुए शामिल

- संवाददाता -
अम्बिकापुर /रायपुर,05 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के नए अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने आज युवा आयोग कार्यालय में युवा आयोग अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। युवा आयोग अध्यक्ष पदभार ग्रहण कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, युवा एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व संगठन महामंत्री श्री राम प्रताप सिंह जी,अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक गुरू खुशवंत साहेब, विधायक शुशांत, शुक्ला शामिल हुए।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि विश्व विजय सिंह तोमर प्रदेश के प्रत्येक शैक्षणिक संस्था व अन्य स्थानों पर युवाओं से मिलकर उन्हें एक धागा में पिरोकर छत्तीसगढ़ के उन्नति के लिए कार्य करवाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रति समर्पित विश्वविजय सिंह तोमर ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर सबसे पहले कार्य करना शुरू किया था। उसके बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कुशलतापूर्वक करते हुए नगर निगम अंबिकापुर में पार्षद का चुनाव भी जीता। विश्व विजय सिंह तोमर के



निश्चित ही राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष का कार्य पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने विजय विजय सिंह तोमर को राज्य युवा आयोग अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई उसे मैंने पूरी निष्ठा से पूरा किया। लगातार संगठन द्वारा दिए गए कार्यों को पूरा करने के लिए अपने से बड़ों का मार्गदर्शन लिया। उन्होंने कहा कि राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी पूरी लगन और मेहनत से निर्वहन करूंगा। छत्तीसगढ़ राज्य को विकसित बनाने के लिए युवाओं की पूर्ण सहभागिता हो इसके लिए युवाओं को साथ में लेकर कार्य करना है। छत्तीसगढ़ युवाओं से सम्पन्न राज्य है और यहां के युवा बहुत ही परिश्रमी एवं मेहनती है। उन्होंने राज्य युवा आयोग अध्यक्ष बनाने जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सभी पदाधिकारियों का आभार माना

मधुसूदन शुक्ल रामपर्वेश पांडेय,सर्वेश तिवारी जितेंद्र सोनी अमोघ कश्यप सुनील बघेल सिंधु सोनी अरुणा सिंह अनिरुद्ध मिश्रा अमोघ कश्यप विकास शुक्ल चंदन अनीश यादव धीरज सिंह कमलेश टोप्पो दीपक यादव अभिनंदन सिंह प्रिंस चौबे पंचानन कुमार इल्लू गुप्ता दिगंबर यादव लव दूबे सौरभ मिश्रा मनीष सिंह दीपू पांडेय भोलू सिंह नितिन शर्मा शानू तिवारी एवं सैकड़ो युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म एवं गर्भपात कराने के मामले मे आरोपी गिरफ्तार

» थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मामले में की गई कार्यवाही

» महिला सम्बन्धी अपराधों मे शामिल आरोपियों के विरुद्ध सरगुजा पुलिस द्वारा की जा रही लगातार सख्त कार्यवाही

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा महिला सम्बन्धी अपराधों मे शामिल आरोपियों पर लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, प्रार्थिया दिनांक 03/10/24 कों थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि पीड़िता की जानपहचान वर्ष 2018 मे नौकरी की तैयारी करने के दौरान रसूलपुर अम्बिकापुर निवासी फिरोज अहमद सिद्दीकी उर्फ़ टीनू से



हुआ था, कि घटना दिनांक 23/12/18 कों आरोपी फिरोज अहमद पीड़िता कों अपने घर घूमने ले जाने की बात बोलकर ले गया और इस दौरान आरोपी पीड़िता कों पसंद करने की बात बोलकर शादी करने का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया गया हैं घटना दिनांक के पश्चात भी आरोपी द्वारा लगातार पीड़िता कों शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया गया हैं, अंतिम बार 13/07/24 कों जबरन दुष्कर्म की घटना कारित की गई हैं, घटना के दौरान पीड़िता के गर्भवती होने जबरन गर्भपात कराया गया हैं, और अब आरोपी पिड़िता से शादी करने से इंकार कर रहा हैं, मामले मे प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 680/24 धारा 64 (2) (एम), 88, 296 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी फिरोज अहमद सिद्दीकी का पता तलाश कर पकड़कर पूछताछ किया गया, जो आरोपी द्वारा अपना नाम फिरोज अहमद सिद्दीकी उम्र 35 वर्ष साकिन रसूलपुर अम्बिकापुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।

# रेड नदी से रेत के अवैध खनन और परिवहन को लेकर राजस्व और पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही

» रेट माफिया एनजीटी नियमों की उड़ा रहे धज्जियां धड़ल्ले से कर रहे रेत खनन और परिवहन





- संवाददाता -
लखनपुर, 05 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लखनपुर उदयपुर थाना के सीमा पर स्थित जजगा, जजगी, कवल गिरी, चैनपुर, तराजू,मोहनपुर, जमगला, लटोरी, कोरजा,बगदर्री रेड नदी से लंबे समय से रेत माफियाओ के द्वारा के एनजेटी नियमों की उल्लंघन करते हुए अवैधरुप से रेत खनन कर परिवहन किया जा रहा था। जिसकी लगातार शिकायत प्रशासन को मिल रही थी।सरगुजा कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार की सुबह रेंड नदी में दबिश दी। राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने रेत के अवैध उत्खनन परिवहन मामले में लगभग एक दर्जन वाहनों को मौके पर पकड़ा। जिसमें दो वाहनों पर कार्यवाही करते हुए वाहनों को जप्त कर लखनपुर पुलिस को सुपूर्द किया गया।साथ ही अन्य वाहनों पर कार्यवाही की जायेगी। गौरतलब है कि शासन के द्वारा मानसून के आगमन से पूर्व जून माह से 15 अक्टूबर तक बालू घाट और नदियों से बालू उठाव पर पूरी तरह से रोक लगा दिया गया है। लंबे समय से रेत माफिया के द्वारा बिना नंबर के वाहनों में रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। जबकि शासन की ओर से मोहनपुर मार्ग मुड़ापारा घाट में बिट पास दिया गया है। 15अक्टूबर तक बालू उठाव पर रोक लगाया गया है। परंतु रॉयल्टी बचाने रेत माफिया रेंड नदी के अन्यत्र स्थान से रेत का अवैध खनन कर धड़ल्ले से परिवहन कर अन्य राज्यों में खपाया जा रहा है। फिलहाल राजेश और पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने कार्रवाई की है।

इस संबंध में उदयपुर नया तहसीलदार आकाश गौतम ने कहा कि शिकायत उपरांत उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मौके पर दबी दी गई दो वाहनों पर कार्रवाई कर लखनपुर थाने को सपोर्ट किया गया है साथ ही अन्य वाहनों पर भी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को मार्गदर्शन में आगे भी या कार्रवाई जारी रहेगी।

आकाश गौतम
उदयपुर नायब तहसीलदार

# आकांक्षी विकासखंड लखनपुर में संपूर्णता अभियान का समापन

» उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों को विधायक श्री राजेश अग्रवाल ने दी शुभकामनाएं

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 05 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

भारत सरकार की नीति आयोग द्वारा आकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के आकांक्षी विकासखंड लखनपुर में शनिवार को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में संपूर्णता अभियान का समापन समारोह आयोजित किया गया। विगत 4 जुलाई से 30 सितंबर तक संपूर्णता अभियान चलाया गया जिसका समापन समारोह जनपद पंचायत लखनपुर के सभागार में आयोजित किया गया। अंबिकापुर विधायक श्री राजेश







अग्रवाल इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, एसडीएम श्री बन सिंह नेताम, जिला एपीओ श्रीमती स्वेच्छा सिंह, जनपद पंचायत सीईओ श्री वेद प्रकाश पांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री दिनेश साहू सहित स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में भारत सरकार के नीति आयोग एवं लोकल फोर वोकल अभियान अंतर्गत आकांक्षी लोगो का अनावरण किया गया। साथ ही आकांक्षी प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में विधायक श्री राजेश अग्रवाल ने एनआरएलएम की समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए दुकान प्रदाय करने की घोषणा करते हुए लखनपुर से इसकी शुरुआत करने की बात कही। विदित है कि 4 जुलाई से 30 सितंबर तक संपूर्णता अभियान का आयोजन आकांक्षी विकासखंड लखनपुर में किया जा रहा था जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग , कृषि विभाग, आईसीडीएस विभाग और एनआरएलएम विभाग के सूचनाओं को संतृप्त करने का कार्य किया गया। विभागों ने अपने कार्य योजना के आधार पर शत-प्रतिशत लक्ष्य संपन्न किया। वहीं सभी विभागों को उत्कृष्ट कार्य के लिए विधायक श्री अग्रवाल द्वारा सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। विधायक श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सभी को निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया और आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम में निरंतर प्रगति लाने को प्रेरित किया। वहीं जिला पपंचायत सीईओ श्री नूतन कंवर और अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक ने आगे आने वाले दिनों में आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम को नियोजित तरीके से सभी के सहयोग से आगे बढ़ाने को प्रोत्साहित किया।

आकांक्षी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चारों विभागों के सूचकांकों को शत प्रतिशत किया जाना था, जिसकी पूर्ति पर समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन एबीपी फेलो शुभिता शुक्ला ने किया।

# मानवीय मूल्यों के कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन कर रहा अग्र समाज : मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

अग्रसेन जयंती का हुआ पुरस्कार वितरण समारोह

एक सप्ताह से चल रही प्रतियोगिता का समापन



### 18 गोत्र की झाकियों और पारंपरिक धुमाल ने बटोरी वाहवाही'

अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज के द्वारा अग्रोहा भवन से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें अग्रसेन जी के 18 पुत्रों के स्वरूप 18 गोत्र की झांकी के साथ महाराजा अग्रसेन जी के स्वरूप बालक रथ पर सवार थे। वहीं छत्तीसगढ़ के पारंपरिक धुमाल बैण्ड सहित बजरंग बली की झांकी भी पूरे शोभा यात्रा में आकर्षण का केन्द्र थी। शोभा यात्रा के दौरान केतका रोड में महलवाला परिवार, मुख्य मार्ग में राधे श्याम संजय केजरीवाल व भैयाथान रोड में अमृतलाल अंकुर गर्ग के द्वारा जल-पान की व्यवस्था की गई थी और बड़ी संख्या में पुरूष, महिलाएं, युवा व बच्चे यात्रा में शामिल थे।

### भव्य गंगा आरती में बड़ी संख्या में शामिल हुए नगरवासी

अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल सभा व नवयुवक समिति के द्वारा स्थानीय अग्रसेन चौक पर बनारस की प्रसिद्ध व अलौकिक भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। अग्रसेन चौक में बनारस से आये ब्राम्हणों के द्वारा भव्यगंगा आरती का विहंगम दृश्य नगरवासियों को देखने को मिला और बड़ी तादाद में नगर के लोग भी गंगा आरती में सम्मिलित हुए। शोभा यात्रा व गंगा आरती के दौरान पुलिस व प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच नवरात्र के पहले दिन अग्रसेन जयंती के अवसर पर भव्य आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में अग्रवाल सभा, नवयुवक समिति व महिला मण्डल के पदाधिकारी व सदस्य सक्रिय थे।




-संवाददाता-
सूरजपुर,05 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

अग्रोहा भवन में आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि व्यापार और जन सेवा के लिए अग्रवाल समाज एक मिसाल है। जिसका अनुसरण अन्य समाज को भी करना चाहिए। श्रीमती राजवाड़े ने सामाजिक परिदृश्य में कहा कि एकता, भाई चारे के साथ अग्र समाज व्यापार में तो सिरमौर है ही, साथ ही मानवीय मूल्यों के कर्त्तव्यों का निर्वहन भी बखूबी रूप से समाज कर रहा है। इस दौरान कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी व पूर्व पापुनि अध्यक्ष भीमसेनअग्रवाल भी मंचासीन थे। समारोह का शुभारंभ अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल ने स्वगत उद्बोधन और समाज के वृत्त से प्रारंभ किया। सचिव राजेश महलवाला ने अग्रसेन जयंती के परिपेक्षय में अपनी बातें रखते हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अमृत लाल अग्रवाल, सचिव राजेश महलवाला, कोषाध्यक्ष सुशील गोयल, महिला मण्डल की अध्यक्ष लता गोयल व नवयुवक समिति के अध्यक्ष गौरिश जिंदल मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश गर्ग व आभार प्रदर्शन सीए स्वयं गोयल ने किया। समारोह में मंत्री राजवाड़े व विधायक भूलन सिंह मरावी व तथा भीम सेन अग्रवाल ने गत एक सप्ताह से चल रही विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।





### प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

वहीं समाज के गौरवशाली परंपरा के अनुरूप समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व प्रतियोगी व प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने एवं खेलकूद में राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वालों को भी अग्रसम्मान से सम्मानित किया गया। जिसका संचालन सीए हिमांशु अग्रवाल के द्वारा किया गया। इसके पूर्व मंचासीन अतिथियों का अग्रवाल सभा महिला मण्डल व नव युवक समिति के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ से स्वागत व अभिनंदन किया।

### विधायक ने किया अग्रसेन महाराज को नमन

विधायक भूलन सिंह मरावी ने अग्रसेन महाराज को नमन करते हुए कहा कि आज अग्रवाल समाज हर क्षेत्र में आगे है। अपने बुद्धि, बल से समाज के लोगों ने एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने उपस्थित जन समूह को अग्रसेन जयंती की बधाई दी। वहीं पूर्व पापुनि अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल ने सामाजिक रूप से बढ़ती कुरीतियों पर कटाक्ष किया और उन्होंने आह्वान किया कि सामाजिक स्तर पर इन पर रोक लगना आवश्यक है। जयंती के कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री अग्रवाल सभा अग्रवाल महिला मण्डल, अग्रवाल नवयुवक समिति, अग्रवाल महिला सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच, संस्कृति शाखा, अग्रवाल सेवा समिति के सदस्य व पदाधिकारी सक्रिय थे।

### कृष्ण कुमार अग्रवाल ने किया पुरस्कार वितरण

वहीं दूसरी ओर अग्रसेन भवन में विगत एक सप्ताह से आयोजित प्रतियोगिताओ का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के छत्तीसगढ़ प्रांत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं संभागीय अग्रवाल सभा के पूर्व महामंत्री, अग्रवाल सभा अम्बिकापुर के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल थे। उन्होंने समापन समारोह का अग्रसेन महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किए। इस दौरान आयोजित सभा को उन्होंने संबोधित करते हुए अग्रवाल समाज सूरजपुर के द्वारा किए जाने वाले विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए समाज की एकजुटता की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों को बाहर पढ़ने जाने के इस दौर में उन्हें संस्कार एवं सामाजिक शिक्षा भी देने की अपील की।

### इन्होंने दिखाई सक्रियता

इस दौरान अग्रसेन समिति भैयाथान रोड के अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, सचिव कृष्ण कुमार बंसल, कोषाध्यक्ष बाबूलाल मित्तल, संरक्षक पवन मित्तल एवं सुरेन्द्र जैन मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश गर्ग एवं आभार प्रदर्शन जयंती समारोह के अध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अग्रसेन जयंती समारोह के सुमित अग्रवाल, अमन बंसल, नितिन मित्तल, सुमित मित्तल, अनुज गर्ग, दीपेश गर्ग, रजत मित्तल, दीपेश बंसल, हर्ष बंसल, प्रथम जैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सक्रिय थे।

रानी दुर्गावती से प्रेरणा लेकर खुद को शसक्त और मजबूत करें माता,बहनें : स्वास्थ्य मंत्री

# नव गठित जनजाति गौरव समाज ने याद किया महारानी दुर्गावती को



-संवाददाता-
खड़गवां,05 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

आज खड़गवां जनपद के दुबछोला ग्राम पंचायत में नवीन जनजाति गौरव समाज महारानी दुर्गावती के जमोत्सव पर प्रेरणा लेने सास्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर आज पास के सभी लोगों को बुलाकर मनोरंजन कराया गया और रानी दुर्गावती के जीवन पर समाज के नेताओ द्वारा प्रकाश डालने का काम किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक व संसदीय सचिव श्रीमती चंपा देवी पावले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, जनपद अध्यक्ष खड़गवां सोनमती उर्रे, पूर्व जनपद अध्यक्ष कन्या कुमारी नेटी, नेता प्रतिपक्ष संतोष सिंह, पार्षद पुष्पा सिंह सहित समाज के पुरोधा और ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम के बीच में पहुंचे मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल महरानी दुर्गावती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर महारानी दुर्गावती को याद किए। जनजाति गौरव समाज के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोगों को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री ने कहा कि आज से 05 साल पहले दुबछोला कैसा था, 25 साल पहले कैसा था, आज 25 साल बाद कैसा है। एक भी पक्का घर नहीं था, एक भी पक्का सड़क नही था, बिजली नही था, हैंडपंप नही था। मोबाइल नही था लेकिन 500 साल पहले 05 अक्तूबर 1524 में रानी दुर्गावती का जन्म कालिंजर के राजा जी के घर में हुआ। 500 साल पहले कल्पना कीजिए कि जहा सड़क नही, बिजली नही, मोबाइल नही, गाड़ी नही, उस जमाने में रानी दुर्गावती का विवाह गड़ मंडला राजा संग्राम सिंह के बेटे दलपत शाह जी के साथ 1550 ईसवी में हुआ और दलपत शाह जी के निधन के बाद अपने छोटे से बेटे को गद्दी पर बैठाकर पूरे देश और विश्व में नारी शक्ति का मान बढ़ाया है। मुगलों के साथ समझौता नहीं किया बल्कि 51 बार युद्ध लड़ा और जीता भी, 52 वे बार जब हारने की नौबत आई तो मुगलों की दासी बनने की बजाय अपने ही खंजर से अपनी जान ले ली। हम सबको यैसी महारानी से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है कि नारी कभी भी कमजोर नही रही। आज की दिन विशेष है क्योंकि रानी दुर्गावती का जन्म आज ही के दिन 05 अक्तूबर और नवरात्रि का समय और साल 1524 रहा और आज भी 05 अक्तूबर है, नवरात्रि चल रहा है और साल 2024 है। वही जनजाति गौरव समाज की मांग पर मंच से ही केबिनेट मंत्री ने दुबछोला में चौक निर्माण के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की और कहा कि घटने पर और दिया जाएगा लेकिन चौक खूबसूरत होना चाहिए। इसके बाद मंत्री ने ग्रामीणों के कहने पर चौक के स्थान का निरीक्षण किया। उक्त कार्यक्रम में सरपंच दुब्छोला श्रीमती राम कुंवर, रामलखन सिंह जिला महामंत्री मंच संचालन, मुकेश जायसवाल जिला कोषाध्यक्ष भाजपा एम सी बी,प्रेम सिंह सरपंच कौड़ीमार, प्रेम नारायण पूर्व सरपंच कटकोना तथा सैकड़ों लोग मौजूद रहे और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आंनद उठाए।

# भाजपा के सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत लोकल फॉर वोकल कार्यक्रम

ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को मिला प्रोत्साहन



-संवाददाता-
सूरजपुर,05 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए गए सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत लोकल फॉर वोकल कार्यक्रम स्थानीय रंगमंच मैदान में पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल की विशेष उपस्थिति में आयोजित किया गया। भाजपा के सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत लोकल फॉर वोकल कार्यक्रम के जिला प्रभारी भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मुकेश गर्ग ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा के द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया गया था। जिसके तहत स्थानीय लोगों को बाजार उपलब्ध कराने की दृष्टि से लोकल फॉर वोकल कार्यक्रम आयोजित करना था, जिसमें स्थानीय रंगमंच मैदान में जिले की विभिन्न स्वयं सहायता समूह जिनके द्वारा घरेलू उपयोग की वस्तुएं निर्मित की जाती हैं, उनके स्टॉल लगाए गए। जिसका शुभारंभ करते हुए रामसेवक पैकरा, भूलन सिंह मरावी, भीमसेन अग्रवाल व बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि जिले की ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को उनके द्वारा निर्मित किए गए सामग्री का उचित मूल्य बाजार में मिले, इसके लिए हम सभी को प्रयास करना चाहिए। इनके द्वारा निर्मित सामग्री का उपयोग करने में हमें कोई शारीरिक नुकसान भी नहीं होगा, क्योंकि इनकी सामग्री रसायनिक खाद्य से युक्त नहीं है। सभी को इनकी सामग्री को आसानी से बाजार में उपलब्ध एवं विक्रय कराने में सहयोग करना चाहिए। इस दौरान भाजपा नेता रामकृपाल साहू, राजेश अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, संदीप अग्रवाल, अजय अग्रवाल, शशिकांत गर्ग, आनंद सोनी ,अरविंद मिश्रा ,राजेश्वर तिवारी, संत साहू, मोहर साय, कृष्ण कुमार गोयल, मनी बग्गा, यशवंत प्रताप सिंह, सागर सिंह, आशीष गुप्ता, प्यारे साहू, अजय सिंह, संजू सोनी, महादेव सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## ज़िला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

-संवाददाता-
खड़गवां,05 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

4 अक्टूबर को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोडीडीह में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जमथान, सोनहत व पोडीडीह के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । विद्यालय के प्राचार्य, एसएमडीसी अध्यक्ष मुकेश जयसवाल, वंदना मैडम, आयोजित कार्यक्रम में विधालय के समस्त के पीटीआई शिक्षक एवम विद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहें उन्होंने विभिन्न खेलों को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाया।

# नवरात्रि के तीसरे दिन पालकी शोभायात्रा का आयोजन





-संवाददाता-
प्रतापपुर,05 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

नगर के बस स्टैंड स्थित मां दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में नवरात्रि के तीसरे दिन माँ चंद्रघंटा की विशेष पालकी शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नगर की भारी संख्या में माताएं-बहनें, बच्चे, समिति के सदस्य, और नगर के गणमान्य लोग शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान पूरे नगर में भक्तिमय माहौल रहा, जहां श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी और जयकारों के साथ माता रानी जगह-जगह का स्वागत किया। इस दौरान नौ देवी रूप की झांकियां निकाली गई। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए निकाली गई। पालकी में विराजित माँ चंद्रघंटा को श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पूजा अर्चना के साथ नमन किया। माता रानी की इस पालकी शोभायात्रा को लेकर नगरवासियों में विशेष उत्साह देखा गया। नगर में यह पहली बार था कि ऐसी भव्य पालकी शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसे लेकर श्रद्धालुओं और नागरिकों ने समिति की सराहना की।

पूरे नगर में शोभायात्रा के दौरान धार्मिक गीत, माता के जयकारे और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। माताएं-बहनें, पुरुष और बच्चे पारंपरिक परिधान में माता रानी की आराधना करते नजर आए। शोभायात्रा के मार्ग पर नगरवासियों ने माता रानी की पालकी का भव्य स्वागत किया और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों राजेश गुप्ता ने बताया कि नवरात्रि के इस पावन पर्व पर नगरवासियों को एकजुट करने और धार्मिक भावनाओं को प्रकट करने के उद्देश्य से इस शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, जिससे यह नगर का एक भव्य और ऐतिहासिक आयोजन बन गया। नगर में इस शोभायात्रा के सफल आयोजन पर समिति और नगरवासियों ने एकजुट होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया और नवरात्रि के शुभ अवसर पर नगर के समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान महिला मंडल से भारी संख्या में महिला समिति के अनिल अग्रवाल, राजेश गुप्ता, अनमोल शर्मा, शेखर शर्मा, सोनू कश्यप, शुभम कश्यप, ऋतिक तायल, नवीन सोनू जायसवाल,गोलू अग्रवाल, आयुष कश्यप, किरण जयसवाल, आयुष गोयल, मनीष तायल, प्रियांशु सोनी, अंकुश गुप्ता, देव अरमान शर्मा, डबल जायसवाल, बाबू जायसवाल सहित भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य मंत्री ने फीता काटकर की शुरुआत,नवप्रवेशी छात्रों को कापी और पेन-भेंट कर किया गया सम्मानित

# विधिवत शुरू हुआ चिरमिरी का शासकीय पालीटेक्निक कालेज



-संवाददाता-
एमसीबी/चिरमिरी,05 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

कोयलांचल चिरमिरी का बहुप्रतीक्षित मांग पालीटेक्निक कालेज स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के फीता काटते ही विधिवत प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर हुई। स्वागत सत्कार से पूर्व छत्तीसगढ़ महतारी की राजकीय गीतपर, मौजूद कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि, कालेज स्टाप और छात्र छात्राओं ने खड़े होकर अभिवादन किया तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित किया गया। इस दौरान पूर्व महापौर डमरू बेहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केसरवानी,



नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज चिरमिरी में विधिवत शुरुआत कराने के लिए माननीय स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त किया गया वही आगामी चिरमिरी को मिलने वाली बड़ी सौगातों और आने वाले बड़े प्रोजेक्टों की साक्षिप्त जानकारी देते हुए चिरमिरी में शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज को बड़ी उपलब्धि बताया।



## रेल्वे प्रोजेक्ट पर हम हुए सफल

श्री जयसवाल ने कहा पिछ्ली सरकार यानि कांग्रेस पार्टी ने रेल्वे के प्रोजेक्ट को आगे नहीं बढ़ाया यह कह कर की इसकी अभी ज़रूरत नहीं है, जबकि लोगों ने कांग्रेस शासन काल में इसकी मांग की थी, मगर लोगों को ठगने के अलावा कांग्रेस ने कुछ नहीं किया, मगर भाजपा ने लोगों के ज़रूरतों को तकलीफों को समझा, बहुत जल्द छह माह के भीतर नागपुर से पाराडोल रेल्वे लाईन लगने वाली है, जिससे लोगों को कांग्रेस के शासनकाल में जिन सुविधाओं से वंचित रखा गया था यह कह कर कि इनकी अभी ज़रूरत नहीं है, उन सुविधाओं को भाजपा अपने आम जनता के लिए धरातल से जोड़ते हुए सफलतापूर्वक पूरी करने जा रही है। एक हफ्ते के अंदर परसगढी में मेडिकल कॉलेज का कार्य शुरू होगा, जिसमें सरकार ने पांच सौ करोड़ की मंजूरी दे दी है जिससे चिरमिरी एवं मनेंद्रगढ़ के लोगों को प्रशिक्षण उपरांत रोजगार के नए अवसर मिल सकें। चिरमिरी मनेंद्रगढ़ के लोगों ने सपना देखा था कि उनके क्षेत्र से पूरी ट्रेन जाए और लोगों को सुविधाएं मिले रोजगार के अवसर मिले, जिसके लिए मैंने अपने पिछ्ले कार्यकाल में रेल्वे का भुमिपूजन कार्य भी कर दिया था। माननीय केंद्रीय कोयला मंत्री जी ने मुमिपूजन भी कर दिया था, राज्य सरकार ने 241 करोड़ में से 120 करोड़ पचास लाख राज्यांश के लिए सहमति भी दे दी थी, केंद्रीय सरकार ने 1 करोड़ टोकन मनी भी जारी कर दिया था, लेकिन दुर्भाग्यवश पिछ्ली सरकार ने यह कह कर उस प्रोजेक्ट को आगे नहीं बढ़ाया कि उसकी आवश्यकता नहीं है, क्यों आवश्यकता नहीं है? चिरमिरी मनेंद्रगढ़ के लोग मध्यप्रदेश में जा कर ट्रेन में बैठे सकते हैं, मगर घर में ट्रेन आएगा तो उनको दिक्कत हो जाती? इसीलिए पांच साल भी नहीं हुआ और एक महीने के अंदर नागपुर से पाराडोल रेल्वे लाईन टेंडर लगने? वाली है, और नया रेलवे स्टेशन नगर पालिक निगम चिरमिरी के नेता प्रतिपक्ष संतोष कुमार सिंह के वार्ड क्रमांक 01 में जी एम कॉम्प्लेक्स और मोहन कॉलोनी के आस पास बनाई जाएगी जिससे चिरमिरी शहर में नया निर्माण एवं सृजन की प्रक्रिया आज नवरात्रि के शुभ अवसर पर चालू हो जाएगी।

## यह भी चिरीमिरी के लिए

श्री जयसवाल ने कहा की इसी तरह आने वाले समय में हमारे और भी कई प्रोजेक्ट आ रहे हैं, उद्यानिकी महाविद्यालय जिसके लिए भवन और हॉस्टल के लिए पन्द्रह करोड़ की स्वीकृति दस दिन पहले ही मिल चुकी है, उसके टेंडर की प्रक्रिया भी चालू हो चुकी है, आने वाले समय में चिरमिरी या चिरमिरी के आस पास सरभोका के निकटवर्ती क्षेत्र में कृषि विज्ञान एवं अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की जाएगी, इसकी भी जिम्मेदारी के साथ मैं घोषणा करता हूं। इसके साथ ही कालेज के चार मांगों पर कैबिनेट मंत्री ने स्वीकृति देते हुए निगम कमिश्नर को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर स्टीमेट बनाकर भेजे। उक्त कार्यक्रम स्वास्थ्य मंत्री के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केशवानी, पूर्व महापौर डमरू बेहरा, नेता प्रतिपक्ष संतोष सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष रघुनंदन यादव, महिला मंडल की रानी गुप्ता, पुरुषोत्तम सोनकर सहित, भाजयुमो एवम आईटीआई कालेज के स्टाप, छात्रा-छ्त्राये,शासकीय पॉलीटेक्निक के स्टाप, नवप्रवेशी छात्र मौजूद रहे।

## प्रदेश 33 वां और सरगुजा का 5 वॉ शासकीय पालीटेक्निक कालेज की हुई शुरुवात

ज्ञात हो कि शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज चिरमिरी का सत्र 2024-25 प्रारंभ हो गया। उक्त शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज भवन के लिए प्रशासकीय स्वीकृति 911.44 लाख रुपए और उपकरण एवम साज सज्जा के लिए 100.00 लाख यानि 10 करोड़ 11 लाख 44 हजार रुपए हुई है। विदित हो कि शासकीय पॉलीटेक्निक चिरमिरी में चार ब्रांच सिविल इंजीनियर, माइनिंग इंजीनियर, मैकेनिकल इंजीनियर और जीपीएस एवम जीआईएस के लिए 60-60 की क्षमता निर्धारित की गई है जिसमे कुल 240 छात्र छ्त्राए अध्यनरत होंगे। वर्तमान सत्र में फिलहाल कुल 27 नवप्रवेशी छात्रों से आरंभ हुए कालेज में 8 सिविल इंजीनियर व माइनिंग के 19 छात्रा शामिल है। कालेज के स्टाप सेटअप की बात करे तो शैक्षणिक स्टाप 23 और सहयोगी स्टाप 45 यानि कुल 68 शिक्षक को स्वीकृति है, वही नगर पालिक निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 01 में 05 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। फिलहाल अस्थाई तौर पर आज से प्रथम तल शासकीय आईटीआई संस्था चिरमिरी में की गई है। जानकारी के अनुसार एआईसीटीई भारत सरकार से मान्यता 31 /05/24 और छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी सीएसवीटीयू से संबंधता 18 /07 /24 को मिली। शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज चिरमिरी के प्रिंसिपल रामजी पांडे ने बताया कि जीपीएस एवम जीआईएस चिरमिरी का यैसा दूसरा ब्रांच पूरे भारत में होगा, इसका पहला ब्रांच वेस्ट बंगाल कलकत्ता में है, वही प्रदेश 33 वां और सरगुजा का 5 वॉ है।

## कांग्रेस ने छला हम सपनों को कर रहे साकार

शासकीय पॉलिटेनिक कॉलेज के शुभारंभ के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल जी उपस्थित कालेज स्टाप व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के नाम पर जो झूठे वायदे किए गए, जहां देखा गया कि चिरमिरी शहर के बड़ी बाज़ार के जिस अस्पताल को सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का नाम दिया जा रहा था, वो ना तो सुपर था ना ही स्पेशल, ऐसा ही डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल के लिए भी लोगों के साथ छ्ला गया, ऐसा ही एडवेंचर पार्क के लिए लोगों को भ्रमित किया गया और आज वर्तमान समय तक कांग्रेस अपने किए गए तमाम वादों को पूरा नहीं कर सकी, मगर भारतीय जनता पार्टी की सरकार काम करने के लिए जनता के बीच है, जनता की सेवा के लिए है, ये पॉलिटेक्निक कॉलेज जिसे सरकार द्वारा दस करोड़ रूपए की स्वीकृति मिली है, ये पॉलिटेक्निक कॉलेज आम जनमानस की सेवा के लिए, बच्चों के लिए सरकार द्वारा शुरू किया जा रहा है। इस पॉलिटेक्निक कॉलेज में मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल माइनिंग समेत कई अन्य विषयों पर बच्चों को पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे कि बच्चों को रोजगार मिल सके, इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि कांग्रेस की तरह लोगों को मात्र झूठे सपने दिखाने का काम भाजपा नहीं करती है। भाजपा लोगों के सपनों को साकार करने का काम करती आई है और आगे भी करती रहेगी।

# खून से लथपथ मिली स्कूली छात्रा,मचा हड़कंप

-संवाददाता-
कोरबा,05 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।



कोरबा जिले के हरदी थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला आया सामने । हरदी बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव में 17 वर्षीय 12वीं की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ बेहोशी की हालत में मिली है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है. छात्रा की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है और उसे जिला मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती कराया गया है. छात्रा के पिता ने उसके साथ अनहोनी होने की आशंका जताई है. इस घटना की सूचना मिलते ही हरदी बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार, हरदी बाजार थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाके की रहने वाली 12वीं की छात्रा रोज की तरह शुक्रवार को 10ः00 बजे गांव से लगे स्कूल में पढ़ाई करने गई हुई थी,लेकिन स्कूल समाप्त होने के काफी समय बीत जाने के बाद भी वह घर नहीं लौटी। बाद में ग्रामीणों ने उसे गांव के पास स्थित पानी टंकी के नीचे खून से लथपथ बेहोशी की हालत में करीब शाम 6.30 बजे पड़ा पाया गया। इसकी सूचना छात्रा के परिजनों को दी गई, जिसके बाद उसे तत्काल हरदी बाजार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। छात्रा के पिता ने बताया कि उसकी पत्नी की तबीयत खराब था जिसे लेकर वह बिलासपुर गया हुआ था। शाम 7ः00 बजे लगभग वह इलाज करा कर घर वापस पहुंचा.,जहां गांव में रहने वाले एक व्यक्ति के द्वारा फोन कर उसे जानकारी दी गई कि उसकी बेटी बेहोशी की हालत में पड़ी हुई है। जहां उसे अस्पताल लेकर पहुंचा गया। छात्रा के पिता ने बताया कि उसकी बेटी और बेटा सुबह स्कूल गए हुए थे लेकिन ऐसा क्या हुआ कि उसकी बेटी की यह हालत हुई है, उसे आशंका है कि बेटी के साथ कोई अनहोनी हुई होगी। इस पर पुलिस से जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस घटना की सूचना मिलते हैं पुलिस के आला अधिकारी जिला मेडिकल कॉलेज पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए छात्रा का हाल-चाल जाना। इस संबंध में पुलिस की माने तो घटना की सूचना मिलते हैं मौके पर पहुंचे और जांच कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जहां ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि छात्रा पानी टंकी पर चढ़ी हुई थी उसके बाद क्या हुआ उन्हें कोई जानकारी नहीं है। वह इन सब बातों से पुलिस आशंका का व्यक्त कर रही है खुदकुशी करने पानी टंकी से नीचे छात्रा छलांग लगाई होगी। घटना स्थल से छात्रा के चप्पल और पैर के निशान मिले है। फिलहाल, पुलिस हकीकत की खोज मे सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

### प्रेसवार्ता आयोजित करं हसदेव अरण्य, हाथियों से सुरक्षा सहित रखी कई मांग

# सर्व आदिवासी समाज ने अपने अधिकारों की रखी मांग



-संवाददाता-
कोरबा,05 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष सेवक राम मरावी की अध्यक्षता में प्रेस क्लब तिलक भवन में प्रेस वार्ता मे पत्रकारों को सम्बोधित करते हिये कहा कि पहले कांग्रेस की सरकार थी और अब भाजपा की सरकार है लेकिन दोनों के शासन में आदिवासी उपेक्षा का शिकार होते रहे हैं। प्रदेश में सरकार बदलने के बाद भी आदिवासियों का आज भी शोषण हो रहा है । प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय स्वयं आदिवासी समाज के हैं लेकिन वे भी आदिवासियों की सुध नहीं ले रहे हैं। सर्व आदिवासी समाज ने प्रेस एवं मीडिया के माध्यम से साय सरकार से निम्न मांगो की गुहार लगाते हुए कहा है कि अगर उनकी मांगे नहीं मानी गई तो वे प्रदेश स्तरीय उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे । उन्होंने प्रेस वार्ता के माध्यम से निम्न मांगे रखी है। 1. हसदेव जंगल की सुरक्षाः हसदेव जंगल में अवैध कटाई रोकने और कोयला ब्लॉक आवंटन रद्द करने के लिए सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए. 2. आदिवासियों के अधिकारः आदिवासियों की जमीन की खरीद-बिक्री संबंधित शासकीय आदेश को वापस लेने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए सरकार को कदम उठाने चाहिए. 3. हाथी उत्पात के पीड़ितों को मुआवजा ः फोरक जिले में हाथी उत्पात के पीड़ितों को मुआवजा राशि बढ़ाई जानी चाहिए और उनके बचाव के लिए संसाधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए. 4.आदिवासी समाज के विकास ः आदिवासी समाज के विकास के लिए शिक्षा, रोजगार, और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार किया जाना चाहिए. 5. पंचायतों को मजबूत बनानाः पंचायतों को मजबूत बनाने और उनकी भूमिका को बढ़ावा देने के लिए सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा के,इन मांगों को ध्यान में रखते हुए सरकार को छत्तीसगढ़ के विकास और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए कार्ययोजना बनाना चाहिए।

# जनसहयोग से जूता मोजा पाकर चट्टीडांड़ स्कूल के बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे

### प्रधान पाठक गौतम शर्मा की अपील पर समाजसेवी पिंकू शर्मा ने उपलब्ध कराया बच्चों को जूता मोजा






-संवाददाता-
सूरजपुर,05 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

सरकारी स्कूल के नन्हें बच्चों को नंगे पांव स्कूल आते - जाते देखना आम बात है, जूतों की तो बात ही छोड़िए, इनके पास एक जोड़ी चप्पल तक नहीं होते हैं। नंगे पैर स्कूल जाने की वजह से बहुत से बच्चे ऐसी बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं,जो उनके स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव डालते हैं । शासकीय प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ स्कूल के प्रधान पाठक गौतम शर्मा ने बच्चों को स्कूल आते - जाते समय उनके पैरों को सुरक्षा प्रदान करने और? ठंड से बचाने के उद्देश्य से दान महोत्सव के अवसर पर बच्चों को जूता और मोजा उपलब्ध कराने के लिए जिले के कुछ समाजसेवियों से अपील की थी, जिसके फलस्वरूप सूरजपुर के समाजसेवी और व्याख्याता पिंकू शर्मा ने प्रधान पाठक गौतम शर्मा से सम्पर्क कर बच्चों के लिए जूता और मोजा उपलब्ध कराने की इच्छा जाहिर की । पिंकू शर्मा स्वयं शासकीय प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ स्कूल पहुंच कर शाला में अध्ययनरत सभी 35 बच्चों को अपने हाथों से जूता मोजा पहनाया। जूता और मोजा पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। पिंकू शर्मा ने चर्चा के दौरान बताया कि उनका बचपन भी गरीबी में बीता है,छोटी - छोटी जरूरतें भी आर्थिक तंगी के कारण उनके पिताजी पूरा नहीं कर पाते थे, क्योंकि एक छोटी सी पान की दुकान से परिवार का भरण - पोषण भी बहुत मुश्किल से हो पाता था । मैंने स्वयं भी अपने पिताजी के पान दुकान चलाने के साथ चाय और ब्रेड बेचकर अपनी पढ़ाई पूरी की और आज उसी का परिणाम है कि मैं व्याख्याता के पद पर शासकीय नौकरी में हूं, इसलिए मैंने नौकरी में आने के साथ ही निर्णय लिया था कि प्रत्येक वर्ष दो शासकीय विद्यालय का चयन कर वहां के बच्चों को ज़रूरत की वस्तुएं उपलब्ध कराऊंगा । इस वर्ष मैंने दो विद्यालय का चयन किया जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ और शासकीय प्राथमिक शाला सरस्वतीपुर शामिल हैं। मुझे यह करके बहुत खुशी महसूस हुआ कि मैं इन बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला पाया । निश्चित ही इस सहयोग से बच्चे जूते - मोजे पहनकर स्कूल आने में खुश महसूस करेंगे और फिट रहेंगे। इससे उन अभिभावकों के चेहरों पर भी खुशी देखने को मिला जो आर्थिक तंगी के कारण अपने बच्चों को जूते न दे पाने के कारण दुखी थे। प्रधान पाठक गौतम शर्मा और सभी अभिभावकों ने शाला परिवार की ओर से पिंकू शर्मा को इस सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक गौतम शर्मा,पालक शिक्षक समिति की अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रलेखा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बंटेश्वर सारथी और शिक्षक गोविन्द नारायण चन्द्रा उपस्थित रहे।

# जिले में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने का अभियान तेज

-संवाददाता-
जशपुरनगर,05 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश में जशपुर जिले में टीबी मुक्त पंचायत बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। जन जागरूकता अभियान के तहत लोगों को टीबी के लक्षण के बारे में जानकारी दी जा रही है। और संभावित मरीजों का पहचान कर उनको निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध कराया जा रहा है।
कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के मार्गदर्शन में बगीचा विकास खंड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य अमला, मितानिन घर घर जाकर जन जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा रही है।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बलरामपुर-रा.गंज(छ.ग.)**

Ph.No.07831-299295 Email-cmhobalrampur@gmail.com

क्रमांक.../औषधि क्रय/2024-25 बलरामपुर,दिनांक .../.10../2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बलरामपुर अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए औषधी, सर्जिकल उपकरण, रसायन एवं प्रयोगशाला सामग्री आदि के क्रय हेतु प्रतिष्ठित निर्माताओं उनके अधिकृत विक्रेताओं एवं सप्लायर जिनके पास टीन नम्बर/सेल टेक्स/जीएसटी नम्बर हो मुहरबंद निविदा स्पेसिफिकेशन के साथ आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट www.balrampur.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

1. निविदा प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि - 03.10.2024
2. भरे हुए निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 04.11.2024 सायं 05 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 05.11.2024 को सायं 04 बजे

**नोट-निविदा खोलने की तिथि एवं समय में परिवर्तन किया जा सकता है।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)

जी.नंबर-242502971/1

CMYK

## संक्षिप्त खेल की खबरें



### विराट कोहली नहीं ऋषभ पंत है स्लेजिंग करने में माहिर

#### ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने खोला राज

**नईदिल्ली, 05 अक्टूबर 2024।** भारतीय टीम को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है. जहां, भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज खेली जाएगी, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस बीच स्टार स्पोर्ट्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स टीम इंडिया के उस खिलाड़ी का नाम बता रहे हैं, जो सबसे ज्यादा स्लेजिंग करता है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों से मौजूदा टीम इंडिया के सबसे अधिक स्लेज करने वाले खिलाड़ी के बारे में पूछा गया। जवाब देने के लिए वहां मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन, पैट कमिंस, उस्मान ख्वाजा, ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन मौजूद थे।आपको ये जानकर हैरानी होगी कि सभी खिलाड़ियों ने ऋषभ पंत का नाम लिया।

### बारबाडोस 2026 में,गयाना 2025 में सीपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा



**त्रिनिदाद, 05 अक्टूबर 2024।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) ने पुष्टि की है कि बारबाडोस का प्रतिष्ठित केंसिंग्टन ओवल 2026 में पहली बार सीपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि गयाना का प्रोविडेंस स्टेडियम 2025 के फाइनल के लिए स्थल के रूप में काम करेगा, जो प्रतिष्ठित मैच की मेजबानी करने वाला लगातार चौथा वर्ष है।

# मुंबई ने 27 साल बाद जीता ईरानी कप

» **टीम इंडिया से बाहर चल रहे प्लेयर की कप्तानी में कमाल**

**नईदिल्ली, 05 अक्टूबर 2024।** ईरानी कप 2024 का मैच मुंबई और रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच खेला गया। ये मुकाबला ड्रॉ रहा। लेकिन पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर मुंबई की टीम ईरानी कप 2024 का खिताब जीतने में सफल रही है। मुंबई ने पहली पारी में कुल 537 रन बनाए थे। तब सरफराज खान ने दोहरा शतक लगाया और अजिंक्य रहाणे ने बेहतरीन पारी खेली थी। इसके बाद रेस्ट ऑफ इंडिया की टीम पहली पारी में 416 रनों पर सिमट गई। इस तरह से मुंबई को 121 रनों की बढ़त मिली, जो जीत में अहम साबित हुई। इसके बाद मुंबई ने दूसरी पारी 329 रन बनाकर घोषित की।

### सरफराज खान ने लगाया दोहरा शतक

मुंबई के लिए पहली पारी में सरफराज खान सबसे बड़े हीरो साबित हुए।



उन्होंने मैच में 286 गेंदों में 222 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 97 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने 64 रन और तनुष कोटियन ने 64 रन बनाए। इन खिलाड़ियों की शानदार पारी की वजह से ही मुंबई की टीम ने पहली पारी में 537 रन बनाए। जबकि मुंबई की शुरुआत बहुत ही खराब रही थी। जब पृथ्वी शॉ और आयुष महात्रे जल्दी पवेलियन लौट गए। इसके बाद हार्दिक तमोरे भी कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। सरफराज ने दोहरा शतक लगाकर मुंबई की मैच में वापसी करवाई। वह एक छोर पर टिके रहे और रन बनाना जारी रखा।

## अभिमन्यु ईश्वरन का शतक गया बेकार



पहली पारी में रेस्ट ऑफ इंडिया के लिए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और 9 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। अभिमन्यु ईश्वरन ने 191 रन बनाए, जिसमें 16 चौके और एक छक्का शामिल था। ध्रुव जुरेल ने 93 रनों की पारी खेली। टीम में वापसी की उम्मीदें लगाए बैठे ईशान किशन सिर्फ 38 रन ही बना सके। रेस्ट ऑफ इंडिया के बाकी के बल्लेबाज बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुए और अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसी वजह से वह 416 रन ही बना सकी। पहली पारी में पिछड़ने के बाद ही रेस्ट ऑफ इंडिया की हार लगभग तय हो चुकी थी। मुंबई के लिए दूसरी पारी में पृथ्वी शॉ ने 76 रन बनाए। दूसरी पारी में सबसे बड़ी लाइमलाइट तनुष कोटियन ने शतक लगाकर चुराई। उन्होंने 150 गेंदों में 114 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और एक छक्का शामिल था। उनके अलावा मोहित अवस्थी ने 51 रनों का योगदान दिया। मुंबई ने अपनी दूसरी पारी 329 रन बनाकर घोषित की थी। मुंबई की टीम ने 27 साल बाद ईरानी कप जीता है। टीम इंडिया से बाहर अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में टीम ने कमाल कर दिया है। इससे पहले मुंबई ने साल 1997 में ईरानी कप जीता था।

# दिवांशी ने जीता दूसरा स्वर्ण


» **महिला 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में भारत का क्लीन स्वीप**

**नई दिल्ली, 05 अक्टूबर 2024।** पिस्टल निशानेबाज दिवांशी ने लीमा में चल रही अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व चैंपियनशिप राइफल/ पिस्टल/ शॉटगन में महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारत ने इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया। जूनियर निशानेबाजों ने दो स्वर्ण सहित पांच और पदक अपने खाते में जोड़े।

सूरज शर्मा ने जूनियर पुरुष स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता, जबकि मुकेश नेलावल्ली, जिनके पास पहले से ही इस प्रतियोगिता में चार स्वर्ण पदक हैं, को इस स्पर्धा में कांस्य पदक मिला।दिवांशी ने जूनियर महिला स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में 600 में से 564 अंक हासिल किए, जिससे वह टीम की साथी परीशा गुप्ता से आगे रहीं, जिन्होंने 559 अंक हासिल किए। मानवी जैन के 557 अंक ने इस स्पर्धा में भारत का क्लीन स्वीप सुनिश्चित किया- जो प्रतियोगिता में पहली बार हुआ। भारत ने चौथा स्थान भी प्राप्त किया, क्योंकि शिखा चौधरी ने 554 अंक प्राप्त किए, जिससे वह एस्टोनिया की मार्जा किर्स से एक अंक आगे रहीं। इसी तरह पुरुष स्पर्धा में सूरज शर्मा ने 571 अंक प्राप्त किए, तथा पोलैंड के इवान राकिस्टस्की से आगे रहे, जिन्होंने 568 अंक प्राप्त कर रजत पदक जीता। मुकेश ने भी 568 अंक प्राप्त किए, लेकिन काउंटबैक में कांस्य पदक जीता। हरसिमर सिंह रत्था (565), राजवर्धन सिंह पाटिल (562) तथा प्रद्युम्न सिंह (562) क्रमशः सातवें, आठवें तथा नौवें स्थान पर रहे। जूनियर महिलाओं की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में मेलविना जोएल ग्लैडसन (617.5) 14वें स्थान पर रहकर सर्वश्रेष्ठ भारतीय रहीं। प्राची गायकवाड़ (616.7), खुशी (615.1) और आध्या अग्रवाल (614.2) तथा अनुष्का थोकुर (611.9) क्रमशः 19वें, 26वें, 27वें तथा 35वें स्थान पर रहीं। मेलविना, प्राची और अनुष्का का संयुक्त स्कोर 1846.1 रहा, जिससे उन्हें प्रोन में टीम स्पर्धा में छठा स्थान मिला।



## अल्काराज ने शांग को हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया



**शंघाई, 05 अक्टूबर 2024।** बीजिंग फाइनल में जानिक सिनर पर अपनी रोमांचक जीत के कुछ ही दिनों बाद, कार्लोस अल्काराज़ ने शंघाई मास्टर्स में अपना दबदबा जारी रखा और दूसरे दौर में चीन के उभरते सितारे शांग जुनचेंग को 6-2, 6-2 से आसानी से हरा दिया।

अल्काराज़, जो अपने 18 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी से तीन साल बड़े हैं, ने स्वीकार किया कि एटीपी टूर पर खुद से कम उम्र के किसी खिलाड़ी का सामना करना असामान्य लगा। मैच के बाद अल्काराज़ ने कहा, मुझे अपने से कम उम्र के खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने की आदत नहीं है। वह हाल ही में अच्छा टेनिस खेल रहा है, उसने अपना पहला एटीपी (चेंगदू में खिताब) जीता है, इसलिए मुझे पूरा यकीन है कि वह रैंकिंग में ऊपर जाएगा। मैं इस तरह के मैच जीतने में सक्षम होने से खुश हूं। शुरुआत से ही, अल्काराज़ ने शंघाई के दर्शकों के सामने शानदार खेल दिखाया, पहले नौ अंक जीतकर मैच की शुरुआत की और तुरंत ही शांग की सर्विस तोड़ दी।

# एचआईएल की वापसी से उत्साहित हैं भारतीय कप्तान हरमनप्रीत

» **व्यक्तिगत विकास का श्रेय लीग को दिया**

**नयी दिल्ली, 05 अक्टूबर 2024।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान और शीर्ष ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने अपने करियर के विकास में अहम भूमिका निभाने के लिए हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) को श्रेय दिया। हरमनप्रीत ने 234 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 205 गोल किए हैं। 2017 एचआईएल में 'अपकमिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुने जाने से लेकर दुनिया के शीर्ष ड्रैग-फ्लिकरों में से एक बनने तक हरमनप्रीत के लिए यह एक शानदार यात्रा रही है। उन्होंने बताया कि कैसे इस लीग ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के बाद उन्हें आगे बढ़ने में मदद की है।



हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया (एचआई) की विज्ञप्ति में कहा, ''हॉकी इंडिया लीग मेरे विकास का एक बड़ा हिस्सा था। लीग ने मुझे विभिन्न कोचों के अंतर्गत अलग खेल शैलियों से अवगत कराकर अपने कौशल को बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान किया। '' उन्होंने कहा, ''लीग में खेलने से और विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने से आपका दिमाग खुलता है और आपको सोचने के कई दृष्टिकोण और तरीके प्रदान करता है। ' हरमनप्रीत ने कहा, ''यह सब भारतीय हॉकी के पुनरुत्थान में अहम हिस्सा था और इसने निश्चित रूप से तोक्यो ओलंपिक में हमारे प्रदर्शन को प्रभावित किया जहां हमने कांस्य पदक जीता। '' हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय हॉकी के लिए एचआईएल से बेहतर कुछ नहीं हो सकता और देश के सभी खिलाड़ी इस लीग में हिस्सा लेने के लिए उत्साहित होंगे। उन्होंने कहा, ''यह युवाओं के लिए भी दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने, उनके सोचने के तरीके, खेलने के तरीके में अंतर को देखने और अच्छी आदतें अपनाने का एक शानदार मौका होगा।



### टीम संयोजन की खामियां दूर करके पाकिस्तान से भिड़ना होगा भारत को

**नयी दिल्ली, 05 अक्टूबर 2024।** पहले मैच में न्यूजीलैंड से करारी हार से आहत भारत को अगर महिला टी20 विश्व कप में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसे पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में टीम संयोजन की अपनी खामियों को दूर करना होगा।


## श्रीजेश को आगामी हॉकी इंडिया लीग के लिए दिल्ली फेंचाइजी में हॉकी निदेशक नियुक्त किया गया

**नोएडा,05 अक्टूबर 2024।** महान भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश को आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के लिए दिल्ली फेंचाइजी में हॉकी निदेशक नियुक्त किया गया। एपीएल अपोलो समूह का हिस्सा 'एसजी स्पोर्ट्स, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट' (एसजीएसई) ने एचआईएल के लिए दिल्ली टीम का अधिग्रहण किया है जिसका नाम दिल्ली एसजी पाइपर्स रखा गया है। एचआईएल सात साल बाद फिर से शुरू होगी। इस कॉर्पोरेट घराने ने दिल्ली की पुरुष और महिला दोनों टीमों को खरीद लिया है। लीग 28 दिसंबर से शुरू होगी तथा दो स्थानों राउरकेला (पुरुष) और रांची (महिला) में आयोजित की जाएगी। पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ टीमें होंगी जबकि पहली बार आयोजित होने वाली महिला स्पर्धा में छह टीमें हिस्सा लेंगी। लीग 28 दिसंबर से एक फरवरी तक खेली जाएगी। खेल की विश्व नियामक संस्था एफआईएच ने एचआईएल को 10 साल की मंजूरी दी है। लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक यहां होगी। कुल 10 फेंचाइजी मालिक इसमें शामिल हुए हैं। महान टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति दिल्ली की टीम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।



पेरिस ओलंपिक के बाद खेल से संन्यास लेने वाले श्रीजेश लीग में हिस्सा नहीं लेंगे। वह खेल के प्रशासनिक पक्ष से जुड़ने को लेकर उत्साहित हैं। श्रीजेश ने कहा, ''मेरे लिए यह पूरी तरह अनुभव होगा। पिछले महीने तक मैं एक सक्रिय खिलाड़ी था लेकिन अब मैं एक अलग भूमिका में रहूंगा।'' उन्होंने कहा, ''मैं अब और नहीं खेलना चाहता बल्कि भारतीय हॉकी के लिए अगली पीढ़ी के विकास में मदद करना चाहता हूं। मैं बस भारतीय हॉकी को विकसित करना चाहता हूं।मैं अपने अनुभव और ज्ञान से युवाओं की मदद करना चाहता हूं।

## रणबीर कपूर की धूम 4 में धमाकेदार एंट्री





बॉलीवुड की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म फ्रेंचाइज़ी धूम' को लेकर लंबे समय से चर्चाएं हो रही थीं, और अब यह तय हो गया है कि धूम 4 में रणबीर कपूर मुख्य भूमिका निभाने जा रहे हैं। 2004 में जब आदित्य चोपड़ा ने जॉन अब्राहम,अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा के साथ धूम बनाई थी, तब इसने बॉलीवुड में एक नए तरीके की कहानी कहने की शुरुआत की थी। जॉन अब्राहम ने ग्रे शेड्स वाले किरदार को बड़े पर्दे पर बेहद कूल अंदाज में प्रस्तुत किया था। इसके बाद 2006 में रितिक रोशन और फिर 2013 में आमिर खान की एंट्री से यह फ्रेंचाइज़ी और भी सफल होती चली गई। अब रणबीर कपूर इस सीरीज़ के चौथे भाग में खलनायक के किरदार में नजर आएंगे। धूम 4 के लिए रणबीर कपूर को नकारात्मक भूमिका में लिया गया है,और यह पूरी तरह से एक रिबूट फिल्म होगी। इसका मतलब है कि पिछली फिल्मों के कोई भी मुख्य कलाकार इस बार नजर नहीं आएंगे। फिल्म में दो नए युवा सुपरस्टार्स को पुलिस की जोड़ी के रूप में कास्ट किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, इस बार धूम 4 सिर्फ सबसे बड़ी धूम फिल्म ही नहीं होगी, बल्कि भारतीय सिनेमा की ग्लोबल स्टैंडर्ड पर बनी एक भव्य फिल्म होगी। धूम 4 अब प्री-प्रोडक्शन स्टेज में प्रवेश कर चुकी है, और यह आदित्य चोपड़ा के नेतृत्व में वाईआरएफ (यशराज फिल्म्स) के बैनर तले तैयार की जा रही है। आदित्य चोपड़ा ने पिछले सभी हिस्सों की तरह इस बार भी विजय कृष्ण आचार्य के साथ मिलकर धूम 4 की स्क्रिप्ट तैयार की है। फिल्म की कहानी और विजन् को ऐसा रखा जा रहा है जिससे दर्शकों को एक नया सिनेमाई अनुभव मिल सके। रणबीर कपूर के साथ लंबे समय से बातचीत चल रही थी, और अब यह तय हो गया है कि वह इस फिल्म का नेतृत्व करेंगे। रणबीर पहले से ही धूम 4 का हिस्सा बनने में रुचि दिखा रहे थे और अब वह इसके मुख्य अभिनेता के रूप में कंफर्म हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, आदित्य चोपड़ा का मानना है कि रणबीर इस फ्रेंचाइज़ी को आगे बढ़ाने के लिए एकदम सही विकल्प हैं। धूम 4 की शूटिंग 2025 के अंत या 2026 की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है। रणबीर कपूर फिलहाल लव एंड वॉर और रामायण 1 और 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं, और इन्हें पूरा करने के बाद वह धूम 4 पर काम शुरू करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि धूम 4 रणबीर कपूर के करियर की 25वीं फिल्म होगी और इसे वह एक खास फिल्म बनाने की पूरी तैयारी कर रहे हैं।

## बिग बॉस 18 में नजर आएंगी उर्फी जावेद की बहन उरुसा

चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस के नए सीजन के साथ सलमान खान एक बार फिर से वापसी के लिए तैयार हैं।6 अक्टूबर से बिग बॉस 18 शुरू होने जा रहा है, जिसका प्रशंसक भी काफी समय से इंतजार कर रहे थे।अब तक इसके कई प्रोमो सामने आ गए हैं, वहीं निया शर्मा इस सीजन की पहली प्रतियोगी हैं।अब खबर आ रही है कि उर्फी जावेद की बहन उरुसा भी बिग बॉस 18 में नजर आ सकती हैं।कहा जा रहा है कि निर्माताओं ने कुछ दिन पहले बिग बॉस 18 के लिए उरुसा से संपर्क किया था और उन्होंने इसके लिए हामी भर दी है। एक सूत्र ने कहा, उरुसा बिग बॉस 18 में नजर आ सकती हैं। चीजें अभी तय नहीं हुई हैं और वह निर्माताओं के साथ बातचीत के अंतिम चरण में हैं।अब दर्शक उन्हें शो में देखने के लिए उत्साहित हो रहे हैं।बता दें कि उरुसा साल 2021 में आया रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के पहले सीजन में नजर आई थीं, जिससे उनकी लोकप्रियता में काफी इजाफा हुआ।उर्फी ने हाल ही में ओटीटी की दुनिया में कदम रखा है। उनके करियर की पहली वेब सीरीज फॉलो कर लो यार को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।इस सीरीज में उर्फी की बहन उरुसा की भी झलक दिखी थी। उन्हें लोगों का खूब प्यार मिला था।





## शाहिद कपूर ने खुद को बताया मीरा राजपूत का दूसरा पति

### किशोर दा के गाने के जरिए कहा- कोई मुझे मेरी बीवी से बचाओ

बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर अपनी पत्नी मीरा राजपूत पर अक्सर प्यार लुटाते दिखाई देते हैं। उनके साथ वह मस्तीभरे वीडियोज भी बनाते हैं और इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हैं। अब उन्होंने एक बार फिर से एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें वह खुद को मीरा का दूसरा पति बता रहे हैं। शाहिद कपूर अपनी पत्नी मीरा के साथ एक प्लेन में हैं। इंस्टाग्राम स्टोरी में उन्होंने एक बूमरैंग शेयर किया है, जिसमें मीरा उनके बगल बैठी हुई हैं और फोन चला रही हैं। वहीं शाहिद वीडियो रिकॉर्ड कर रहे हैं। और वह अजीब सा चेहरा भी बना रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा, %मैं दूसरा पति हूं।% वहीं बैकग्राउड में उन्होंने किशोर कुमार का गाना %मुझे मेरी बीवी से बचाओ, अकड़ती है, बिगड़ती है% लगाया हुआ है। और वह इसे मीरा को डेडिकेट कर रहे हैं। शाहिद कपूर यहां ये कहने की कोशिश कर रहे हैं कि मीरा राजपूत उन्हें कम और फोन को ज्यादा वक्त देती हैं। ऐसे में वह उनके दूसरे पति हुए। यहां वह उनकी टांग खिंचाई कर रहे हैं। वहीं, मीरा ने भी इंस्टा स्टोरी में शाहिद और देवर ईशान खट्टर की अतरंगी फोटो पोस्ट की है।

# सीक्रेट चर्चा में खुलासा,अब बड़े एक्शन की तैयारी

» शुक्रवार को नक्सलियों के साथ हुई थी मुठभेड़

» जवानों की कार्रवाई में मारे गए थे 36 नक्सली

» शव के साथ बरामद हुए थे आधुनिक हथियार



**रायपुर,05अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर शुक्रवार देर रात पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ में 31 नक्सली मारे गए हैं। इसे छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी मुठभेड़ बताया जा रहा है। नक्सलियों के खिलाफ पुलिस लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने भारी मात्रा में एलएमजी राइफल, एके 47 राइफल, एसएलआर राइफल, इंसास राइफल, कैलिबर 303 राइफल और अन्य हथियार बरामद किए गए हैं। तलाशी अभियान जारी है और सीआरपीएफ, डीआरजी के अतिरिक्त बल भी नजर बनाए हुए हैं।

### अमित शाह ने ली पूरी ऑपरेशन की जानकारी

पुलिस और नक्सली के बीच हुई इस मुठभेड़ की पूरी जानकारी प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय से बताया गया है कि गृह मंत्री अमित शाह ने नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए 31 नक्सलियों के संबंध में शुक्रवार रात छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय से बात की।बताया जा रहा है कि अमित शाह ने मुख्यमंत्री से पूरे ऑपरेशन के बारे में जानकारी ली है और आगे की योजनाओं के बारे में जाना है। जिस इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है, वहां पर अभी भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### शाह ने दिया है 2026 का टारगेट

बता दें कि सितंबर माह में माओवादी आतंक से पीड़ितों ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। इस दौरान गृह मंत्री ने कहा था कि नक्सलवाद को खत्म करने की दिशा में भाजपा सरकार काम कर रही है। बस्तर से नक्सल को खत्म करने की डेडलाइन भी उन्होंने दी थी। अमित शाह ने कहा था, साल 2026 मार्च तक नक्सल से मुक्ति भाजपा सरकार दिलाएगी। साथ ही अमित शाह ने नक्सलियों से अपील की थी वह आत्मसमर्पण करें।

### सीएम विष्णुदेव साय ने कहाः बस्तर शांति की तरफ बढ़ रहा है

छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री कार्यालय से बताया गया है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीजापुर में आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सली हिंसा से पीड़ित युवाओं से मुलाकात कर उनके साहस और संघर्ष को सराहा। पुनर्वास नीति के तहत पुलिस विभाग में शामिल ये युवा अब नक्सलवाद के खिलाफ डटकर खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने बस्तर में बढ़ती शांति की ओर इशारा करते हुए कहा, नक्सलवाद की खोखली विचारधारा को छोड़कर लौटने वाले इन युवाओं के कारण बस्तर शांति की राह पर अग्रसर है।




## इस बार एक नहीं,चार नवंबर से मनाया जाएगा राज्योत्सव

### इस वजह से छत्तीसगढ़ सरकार ने लिया ये फैसला

**रायपुर,05अक्टूबर 2024(ए)।** राज्योत्सव के अवसर पर दीवाली होने के चलते इस बार छत्तीसगढ़ सरकार ने चार से छह नवंबर तक तीन दिन राज्योत्सव का मुख्य आयोजन करने का निर्णय लिया है। नवा रायपुर में मेला स्थल पर राज्य स्तरीय राज्योत्सव और राज्य अलंकरण समारोह का आयोजन एक साथ आयोजित होगा. मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है। संस्कृति विभाग के सचिव अन्बलगन पी.ने बताया कि राज्य स्तरीय राज्योत्सव का शुभारंभ नवा रायपुर स्थित राज्योत्सव मेला स्थल में चार नवंबर 2024 को होगा।. जिसका समापन छह नवंबर 2024 को होगा। अंतिम दिवस समापन समारोह के दिन राज्य अलंकरण समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

मेला स्थल की व्यवस्था के तहत कार्यक्रम स्थल का ले-आउट और स्टाल आवंटन एनआरडीए और सीएसआइडीसी द्वारा किया जाएगा। इसमें विभिन्न विभागों द्वारा शिल्पग्राम, वनोपज, हर्बल उत्पादों और सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी.राज्य अलंकरण समारोह के लिए संबंधित विभागों से पुरस्कार की सूची, चयनित व्यक्तियों का परिचय और सम्मान राशि की जानकारी मांगी गई है. यह जानकारी समय-सीमा में संस्कृति विभाग को दी जाएगी।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें



### अमित जोगी द्वारा हाई कोर्ट में दायर याचिका खारिज

» जन्म के दस्तावेजों में गड़बड़ी को लेकर दर्ज एफआईआर के खिलाफ गए थे कोर्ट की शरण में

**बिलासपुर,05अक्टूबर 2024(ए)।** मरवाही के पूर्व विधायक और छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के नेता अमित जोगी द्वारा दाखिल याचिका हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। याचिका में जोगी ने वर्ष 2019 में गौरेला थाने में उनके खिलाफ दर्ज एफ आईआर और बाद में दायर आरोप पत्र को निरस्त करने की मांग की थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की बेंच ने याचिका खारिज कर दी है।

### बाबू सस्पेंड,सरपंच से रिश्वत लेना भारी पड़ा



**सक्ती,05अक्टूबर 2024(ए)।** जैजैपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बाबू वेंकटेश्वर वर्मा को रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया है। वर्मा पर ग्राम पंचायत बर्रा में विधायक निधि से निर्मित सीसी रोड के भुगतान के लिए सरपंच से रिश्वत लेने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, सरपंच ने विधायक निधि से सीसी रोड का निर्माण पूरा कराने के बाद बकाया राशि के भुगतान के लिए सहायक ग्रेड 2 लिपिक वेंकटेश्वर वर्मा से कई बार निवेदन किया था। लेकिन वर्मा ने चेक जारी करने में बार-बार बहाने बनाकर टालमटोल की। सरपंच की लगातार कोशिशों के बाद भी जब चेक नहीं कटा, तब उसने वेंकटेश्वर को किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से रिश्वत की पेशकश की। इस दौरान, वेंकटेश्वर वर्मा का रिश्वत लेते हुए वीडियो भी बना लिया गया, जो अब सबूत के तौर पर सामने आया है।

### बीजापुर में 2 युवकों की हत्या

**बीजापुर,05अक्टूबर2024(ए)।** दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिला के सीमाई क्षेत्र में शुक्रवार को सुरक्षा बल के एंटी-नक्सल ऑपरेशन के बाद नक्सलियों की बौखलाहट देखने को मिली।



नक्सलियों ने सुरक्षाबल के ऑपरेशन के तुरंत बाद जनअदालत लगाकर मुखबिरी के शक में दो युवकों, अर्जुन पुनेम और मोटू कुरसम की बेरहमी से हत्या कर दी। वहीं, कुछ ग्रामीणों को पिटाई के बाद छोड़ दिया गया। यह मामला गंगालूर थाना क्षेत्र के सावनार का है।

## फर्जी एसबीआई बैंक का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

» नौकरी लगाने के नाम पर युवाओं से की लाखों की ठगी

» मामले में 8 आरोपी अब भी फरार




**सक्ती,05अक्टूबर 2024(ए)।** फर्जी एसबीआई बैंक का संचालन करने वाले मास्टरमाइंड को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अनिल भास्कर, जो सारंगढ़ भिलाईगढ़ जिले के ग्राम दुम्हानी का निवासी है। आरोपी भास्कर सक्ती जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र के छपोरा गांव में फर्जी एसबीआई बैंक का संचालन कर रहा था, जिसमें उसने बेरोजगार युवाओं को एसबीआई में नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी कर चुका है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी अनिल भास्कर ने फर्जी एसबीआई बैंक में नौकरी दिलाने के नाम पर 6 लोगों से लाखों रुपये की ठगी की थी। पुलिस के आरोपी के खिलाफ धारा 318, 4, 338, 336, 340, 3, 4 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। फर्जी बैंक का पर्दाफाश होने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया है।

### नौकरी के नाम पर कई जगहों पर कर चुका है ठगी

पुलिस ने बताया कि आरोपी अनिल भास्कर शातिर प्रवृत्ति का व्यक्ति है जो पूर्व में भी रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर साढ़े सात लाख रुपये की ठगी किया था। जिसके खिलाफ बिलासपुर जिले के तोरवा थाने में अपराध दर्ज है। आरोपी द्वारा कई जगहों पर लोगों से नौकरी लगने के नाम पर धोखाधड़ी किया गया है। सक्ती जिले में आरोपी ने एसबीआई में नौकरी लगने के नाम पर करीब साढ़े 6 लाख रुपए की ठगी की थी और ठगी की रकम से एक कार और मोबाइल फोन भी खरीदा था।पुलिस ने बताया कि आरोपी अनिल भास्कर के अलावा मामले में आठ और भी आरोपी है जिनकी तलाश की जा रही है। आरोपियों का मेन टारगेट बेरोजगार युवा होते थे जो नौकरी की तलाश में रहते थे. उन्हें यह मोटी रकम लेकर तरह-तरह से ठगा करते थे। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे नायक डिमांड पर भेज दिया है।

### ऐसे हुआ भंडाफोड़

पिछले शुक्रवार को डभरा एसबीआई ब्रांच के अधिकारी दौरे पर निकले थे और रास्ते में एसबीआई की शाखा देखी तो बैंक में पहुंच गए. जहां बातचीत से उन्हें गड़बड़ लगा और उन्होंने इसकी सूचना मालखरौदा पुलिस को दी. मौके पर पुलिस एवं प्रशासन की टीम पहुंची और जांच की है. एसबीआई के अधिकारियों की शिकायत थी की इनके द्वारा स्टेट बैंक का बड़ा बैनर लगाकर बैंक का सेट अप लगाया गया था. जब जांच टीम मौके पर पहुंची तो कथित बैंक मैनेजर फरार था. शाखा में 6 कर्मचारी उपस्थित थे, जिन्होंने बताया कि पत्र एवम इंटरव्यू के माध्यम से उनको एप्वॉइंट किया गया था. उन्होंने बताया कि उक्त शाखा में एम्पलाई को ट्रेनिंग के लिए भेजा गया था. उनको बाद में अन्य स्थान में पोस्टिंग किया जाता. मामले में पुलिस की टीम स्टेट बैंक के शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है.

## छत्तीसगढ़ के 24 लाख 98 हजार से अधिक किसानों के खातों में 566 करोड़ 77 लाख रुपए ट्रांसफर




**रायपुर,05अक्टूबर 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के वाशिम जिले से देश के लगभग 9 करोड़ 40 लाख से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त के रूप में 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे उनके खाते में अंतरित की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 18वीं किस्त के ऑनलाइन अंतरण कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 18वीं किस्त के रूप में प्रदेश के 24 लाख 98 हजार से अधिक किसानों के खातों में 566 करोड़ 77 लाख रुपए से अधिक की राशि अंतरित होने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। साय ने इस मौके पर प्रदेश के किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री साय ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 17 वीं किश्त की तुलना में इस बार 66 हजार 485 अधिक किसानों ने योजना का लाभ उठाया है।



## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोहारीडीह की घटना पर सरकार से पूछे पांच सवाल

» गंभीर आरोपों पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने किया पलटवार

**रायपुर,05अक्टूबर 2024(ए)।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोहारीडीह घटना पर सरकार से पांच सवाल किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कवर्धा को अपराध की राजधानी करार देते हुए इसके पीछे गृह मंत्री विजय शर्मा की भूमिका बताई. यही नहीं पूर्व मुख्यमंत्री ने लोहारीडीह की घटना को लेकर गृहमंत्री पर स्थानीय लोगों को धमकाने का आरोप लगाया है। इन आरोपों पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने पलटवार किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व पीसीसी अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत और पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा व विकास उपाध्याय की मौजूदगी में मीडिया से चर्चा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्तर में 31 नक्सलियों को ढेर करने में मिली सफलता पर जवानों को शुभकामनाएँ दी।

इसके साथ ही भूपेश बघेल ने लोहारीडीह घटना पर पाँच सवाल पूछे. इसमें पहला पत्र लिखने में बाद भी सरकार ने कचरू साहू के शव का दोबारा पोस्टमार्टम क्यों नहीं कराया. दूसरा प्रशांत साहू के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में क्या निकला। तीसरा जो 69 लोग गिरफ्तार हुए थे, उनके खिलाफ धाराएं क्या लगी. 169 लोग कौन है, जिनपर एफ आईआर दर्ज किए हैं।

चौथा सवाल कि दंडाधिकारी के जांच का दायरा क्या है, किन-किन मामलों की जांच की होगी और अंत में दोषी पुलिस अफसरों के खिलाफ कब एफआईआर की जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि झनक नाम का व्यक्ति काचरू के साथ गया, लेकिन उससे कोई पूछताछ नहीं की गई. वह आज भी गाँव में खुलेआम घूम रहा है।

वहीं कवर्धा में अपराध बढ़ने का हवाला देते हुए कहा कि आज कवर्धा अपराध की राजधानी बन चुका है. हत्या, बलात्कार, जुआ-सट्टा कवर्धा में पूरे प्रदेश में सबसे ज़्यादा है। ये स्पष्ट है कि इसमें गृह मंत्री की भूमिका है। वहीं लोहारीडीह की घटना पर गृहमंत्री के लोगों को धमकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि गृह मंत्री ने बच्ची से कहा तुम बहुत ज्यादा मोबाइल में बात कर रही हो।

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का पलटवार

उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने प्रेस वार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लगाए आरोपों पर कहा कि पहले आप इन्वेस्टिगेशन एजेंसी को इन्वेस्टिगेशन करने दीजिए, खुद इन्वेस्टिगेशन एजेंसी मत बनिए। मैं पूछना चाहता हूं कि बिरनपुर में भुनेश्वर साहू को मारा गया, उनके गृह मंत्री क्यों नहीं गए?. कवर्धा में जब लोगों को पीटा गया, तब मुख्यमंत्री क्यों नहीं गए?, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री थे. कवर्धा में गांव में एक परिवार के बीच का झगड़ा है, उसे शांत होने दीजिए. इन्वेस्टिगेशन पूरा होगा. सभी मामलो पर जाँच होगी, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## कई तहसीलदारों के ट्रांसफर पर लगी रोक



**बिलासपुर,05अक्टूबर 2024(ए)।** राजस्व विभाग में हुए हुए तबादलों के बाद सिमगा तहसीलदार नीलमणि दुबे समेत डेढ़ दर्जन तहसीलदारों को हाईकोर्ट से स्टे मिल गया है। स्टे के बाद अब इन अफसरों ने ट्रांसफर के खिलाफ आवाज उठानी शुरू कर दी है।

सिमगा तहसीदार नीलमणि दुबे ने तबादला सूची जारी पर होने के बाद नियमों की अवहेलना का आरोप लगाते हुए शासन के खिलाफ मोर्चा खोला था। उनके निलंबन के बाद अन्य तहसीलदारों ने भी हाईकोर्ट में याचिका लगाई, जिसमें तकरीबन सभी को स्टे मिल गया। प्रदेश में हुए तबादलों में खामियां हैं। कई नायब तहसीलदारों को प्रोबेशन पीरियड में ही स्थानांतरित कर दिया गया. नियमों का उल्लंघन करते हुए कम समय में बार-बार स्थानांतरित किया गया। हाईकोर्ट से तबादला में स्टे मिलने वालों अधिकारियों में अभिषेक राठौर, बिलासपुर. नीलमणि दुबे, बलौदाबाजार. पोखन टोंडरे, बलौदाबाजार. प्रेरणा सिंह, रायपुर राजकुमार साहू, रायपुर राकेश देवांगन, रायपुर. जयेंद्र सिंह रायपुर. राजकुमार साहू, रायपुर प्रियंका, जांजगीर-चांपा. गुरु दत्त पंचभाई दुर्ग. सरिता मड़रिया, बेमेतरा. दीपक चंद्राकर, बालोद, विपिन बिहारी पटेल, तिल्दा. कमलवाती, बिलासपुर. माया अंचल, बिलासपुर और दीपक चंद्राकर पलारी, शामिल है.

### दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग के लिए बनेगी नीति, हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दिए निर्देश

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने दिव्यांग अधिकारियों और कर्मचारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग के लिए राज्य सरकार को नीति बनाने का निर्देश दिया है. जस्टिस पीपी साहू की सिंगल बेंच ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए यह फैसला सुनाया है. साथ ही विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत राज्य आयुक्त की नियुक्ति करने का भी आदेश दिया गया है. धारा 80 के तहत आयुक्त को अलग-अलग सक्षम व्यक्तियों के अधिकारों के हनन के संबंध में स्वप्रेरणा से विचार करना होगा। कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा है कि शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को दिए जाने वाले इस लाभ का उद्देश्य, अन्य बातों के साथ-साथ शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को ऐसे स्थान पर तैनात करने में सक्षम बनाना है, जहां उनको आसानी से मदद मिल सके और शासकीय कामकाज के संचालन में दिक्कतें ना आए।

## सरकारी स्कूल में बच्चों से करवाई जा रही है मजदूरी



### चावल ढोने का वीडियो हुआ वायरल

**बिलासपुर,05अक्टूबर 2024(ए)।** बिलासपुर में सरकारी प्राइमरी स्कूल के छात्र साइकिल से चावल ढो रहे हैं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्कूली बच्चे साइकिल पर 50किग्रा चावल की बोरी ढोकर ले जाते दिख रहे हैं। मामला मस्तूरी विकासखंड का है। दरअसल, ग्राम सोन स्थित प्राइमरी स्कूल में मध्यान्ह भोजन का चावल बच्चों से ढुलवा कर मंगाया जा रहा है। आरोप है कि हेडमास्टर पुष्पा साहू छात्रों से काम कराती हैं। बच्चों ने यह भी बताया कि चार बार में 50-50 किलो कर 2 क्विंटल चावल को स्कूल तक पहुंचाने का काम कराया गया। इसके अलावा भी वह बच्चों से स्कूल का काम कराती हैं। वहीं, हेडमास्टर पुष्पा साहू ने बताया कि वीडियो पुराना है, जिसे अब वायरल किया जा रहा है। उनका कहना है कि उन्हें परेशान और बदनाम करने के लिए कुछ लोग ऐसा कर रहे हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)